दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...

● नई दिल्ली। बुधवार 20 नवंबर-2024 ● वर्ष : 9 अंक : 327 पेज-08 ● RNI NO. DELHI/2015/65364 ● मूल्य : ₹3

# शहर विधानसभा 56 पर आज उपचुनाव

## प्रशासन से लेकर राजनीतिक दलों के लिए मतदान प्रतिशत बढ़ाना बड़ी चुनौती







**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** शहर विधानसभा यानी सदर विधानसभा 56 पर आज चुनाव होना है। आज उपचुनाव के लिये मतदान होगा। लाइनपार क्षेत्र यानी विजयनगर की प्रतापविहार, मिजार्पुर, क्रॉसिंग, भूड़ भारत नगर, प्रेमनगर गौशाला, कैला भट्टा, इस्लामनगर, चमन कॉलोनी में मतदान होगा तो शहरी क्षेत्र में दिल्ली गेट, कस्सावान, शिब्बनपुरा, पटेलनगर, कल्लूपुरा, बालूपुरा, तुराबनगर, अर्जुननगर जैसे सभी क्षेत्रों में मतदान होना है।

मतदान के लिये सभी राजनीतिक दलों ने तैयारी की है वहीं निर्वाचन विभाग की पूरी तैयारी है। मंगलवार के दोपरह से ही पॉलिंग पार्टियां मतदान केंद्रो के लिये रवाना होना शुरू हो गई थीं। मंगलवार की शाम तक सभी पोलिंग पार्टियों ने अपने अपने आवंटित मतदान केंद्रों में डेरा डाल लिया।

आज बुधवार को मतदान होगा और गाजियाबाद शहर की जनता अपने नए विधायक को चुनेगी। सुरक्षा बल मतदान केंद्रों पर तैनात हो गए है और मतदान के लिये शहर विधानसभा 56 तैयार है। यहां जिला निर्वाचन विभाग से लेकर सभी राजनीतिक दलों के लिये मतदान प्रतिशत बढ़ाना एक बड़ी चुनौती है। हालांकि सभी ने तैयारी की है लेकिन अगर मतदाता चुनाव को लेकर उदासीन रहा तो फिर चुनाव का सीन बदल जाएगा। क्योंकि इस बार मतदान प्रतिशत को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। सियासी दलों की बात करें तो, जहां अन्य दलों ने दलित और मुस्लिम फैक्टर को फोकस में रखा है वहीं भाजपा ने लाइनपार क्षेत्र से लेकर शहर के सघन इलाकों में प्रचार किया है और अपने कार्यकर्ता नेटवर्क को दुरुस्त किया है।

भाजपा के लिये मतदान का प्रतिशत अगर बढ़ेगा तो ये माना जा रहा है कि इसका लाभ उन्हें मिलेगा। वहीं अगर दलित और मुस्लिम बस्तियों में मतदान का प्रतिशत बढ़ता है तो इसका भी लाभ विपक्षी दलों को मिलेगा, लेकिन ये लाभ तभी मिलेगा जब मतदान का आंकड़ा 40 को पार करेगा और 50 से 60 के बीच में पहुंचेगा। मतदान को लेकर निर्वाचन विभाग ने अपील भी की और जनजागृता भी पैदा की। सियासी दल लगातार अपने अपने क्षेत्र में मतदान को लेकर ही भागदौड़ करते रहे हैं। हाथ जोड़ते रहे हैं। अब जब आज यानी बुधवार को मतदान केंद्रों पर ईवीएम का बटन दबेगा तो बटन दबने का प्रतिशत ही पूरे चुनाव की धुरी बनेगा।

### सुबह सात बजे से शुरू होगा मतदान और शाम पांच बजे तक डलेंगे वोट

शहर विधानसभा उपचुनाव के लिये मतदान सुबह सात बजे शुरू होगा। शहर विधानसभा के मतदाता सुबह सात बजे से वोट डालेंगे और मतदान क समय शाम पांच बजे तक रहेगा। सभी को ये बता दिया गया है कि वो जब वोट डालने जाएं तो अपने मतदाता पहचान पत्र के अलावा जो 12 वैकल्पिक फोटो पहचान पत्र बताए गए हैं उनमें से कोई एक अपने साथ लेकर मतदेय स्थल पर जाएं।

### आज होगी शहर विधानसभा में इन चुनावी चेहरों की परीक्षा

शहर विधानसभा उपचुनाव में यूं तो छोटे बड़े दलों, निर्दलियों को मिलाकर 14 उम्मीदवार मैदान में हैं। हालांकि यहां मुख्य मुकाबले में चार प्रमुख दल बताए जाते हैं। इनमें भाजपा, कांग्रेस सपा गठबंधन, बसपा और आजाद समाज पार्टी है। भाजपा ने अपने महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा को टिकट दिया है। संजीव शर्मा का ये पहला चुनाव है और वो लगातार चुनावी बैठकों, सभाओं, रोड शो के जरिए मतदाताओं तक अपनी बात पहुंचाते रहे हैं। संगठन अध्यक्ष के रूप में वो लगातार दूसरी पारी खेल रहे हैं और कार्यकताओं के लिये उनका चेहरा नया नहीं है। चुनावी फेस बनने से पहले वो कई जनमुद्दों को लेकर अधिकारियों के पास पहुंचे। लिहाजा वो जनता से भी जुड़े रहे हैं और इसका लाभ उन्हें चुनाव प्रचार में मिला है। बहुजन समाज पार्टी ने पीएन गर्ग को चुनावी उम्मीदवार बनाया। पीएन गर्ग की भी ये पहली चुनावी पारी है। हालांकि वो पहली बार चुनाव लड़ रहे हैं लेकिन सियासत में ये उनका तीसरा दल है। कांग्रेस से राजनीतिक शुरूआत करने वाले पीएन गर्ग समाजवादी पार्टी में गए। यहां उनकी



पत्नी को मेयर वाला टिकट देने की घोषणा हुई और फिर उनसे सिंबल वापस लेकर किसी ओर को दिया गया। बताते हैं इसके बाद से ही उन्होंने साइकिल से डिस्टेंस बना लिया था। बसपा ने उन्हें शहर विधानसभा उपचुनाव में उम्मीदवार बनाया है। उनको अपना चुनाव प्रचार बसपा के बड़े नेताओं के बिना करना पड़ा है। वहीं चुनावी रण में कांग्रेस और सपा के गठबंधन प्रत्याशी के रूप में सिंहराज जाटव हैं। सिंहराज जाटव बसपा से अपनी सियासत की शुरूआत करने वाले नेता हैं। वो विजयनगर के केबल ऑपरेटर भी हैं और यहां से वो निगम पार्षद का चुनाव एक बार जीते हैं। इस बार वो समाजवादी पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं। उनका भी ये विधानसभा स्तर का पहला चुनाव है। इस तरह से भाजपा, बसपा और सपा कांग्रेस गठबंधन के तीनों ही उम्मीदवार अपना पहला विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं। यहां चौथे उम्मीदवार की बात करें तो आजाद समाज पार्टी के सतपाल चौधरी हैं। सतपाल चौधरी लगभग तीन दशक से राजनीति और सामाजिक मुद्दों से जुड़ी सियासत करते रहे हैं। वो मेयर विधानसभा का चुनाव लड़ चुके हैं। उनकी पत्नी मेयर चुनाव लड़ चुकी हैं। उन्हें बसपा ने भी विधानसभा में उम्मीदवार बनाया था और जब उनका टिकट काट दिया गया तो वो चंद्रशेखर के साथ चले गए और अब वो चंद्रशेखर की पार्टी से चुनाव लड़ रहे हैं। आज इन सभी चारों उम्मीदवारों की परीक्षा है। कौन कितने वोट लेकर आता है ये पता चलेगा। इन चेहरों की सियासी टीआरपी का भी पता चलेगा।

## नहीं रहे भाजपा के राष्ट्रीय संगठक प्रद्युम्न कुमार

### सांसद अतुल गर्ग ने दी दिल्ली पहुंचकर श्रद्धांजलि



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा के राष्ट्रीय संगठक प्रद्युम्न कुमार तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक प्रद्युमन कुमार का निधन हो गया। उन्हें सीने में दर्द होने की शिकायत के बाद उपचार के लिये अस्पताल ले जाया गया था जहां उनका निधन हो गया। उनके निधन पर भाजपा के सभी राष्ट्रीय और प्रदेश पदाधिकारियों ने शोक व्यक्त किया। प्रद्युम्न कुमार के निधान का समाचार मिलते ही शोक की लहर व्याप्त हो गई। भाजपा के भाजपा के राष्ट्रीय संगठक तथा आरएसएस के वरिष्ठ प्रचारक प्रद्युम्न कुमार का गाजियाबाद से विशेष नाता रहा है।





वह भाजपा के संगठन मंत्री रहे हैं और उनका निवास भाजपा के क्षेत्रीय कार्यालय और अब भाजपा के मौजूदा महानगर कार्यालय में हुआ करता था। प्रद्युम्न कुमार अपनी सरलता और सहजता के लिए जाने जाते थे। वह भाजपा के राष्ट्रीय संगठक बनाए जाने के बाद दिल्ली में ही रह रहे थे। उन्होंने अपना पूरा जीवन आरएसएस और संगठन विस्तार के लिये समर्पित कर दिया। प्रद्युम्न कुमार के निधन की सूचना मिलते ही लोकसभा सांसद अतुल गर्ग दिल्ली पहुंचे यहां उन्होंने प्रद्युम्न कुमार के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। अतुल गर्ग ने कहा कि यह एक बड़ी क्षति है और आज वास्तव में मां भारती के लाल ने दुनिया से विदाई ली है। उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

भाजपा के क्षेत्रीय पदाधिकारी मयंक गोयल भी प्रद्युम्न कुमार के निधन की सूचना मिलते ही दिल्ली पहुंचे और श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रद्युम्न कुमार के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए मयंक गोयल ने कहा कि वह वास्तव में संघ के प्रति संपूर्ण जीवन समर्पित करने वाले राष्ट्रीय योद्धा थे। उनके निधन का समाचार मिलना बेहद दुखद है। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन संगठन के विस्तार के लिए मां भारती की सेवा के लिए समर्पि किया।

प्रद्युम्न कुमार के निधन से गाजियाबाद के भाजपा नेता भी व्यथित रहे। प्रद्युम्न कुमार को सभी ने अंतिम श्रद्धांजलि और उनके निधन पर शोक व्यक्त किया। दिनभर सोशल मीडिया पर प्रद्युम्न कुमार के निधन पर शोक व्यक्त करने वाली पोस्ट आती रही। प्रद्युम्न कुमार ने अपनी सरल और सहज शैली से सभी कार्यकताओं का दिल जीत लिया था। उनके निधन पर समूची भाजपा और संघ में शोक का माहौल रहा।

# उपचुनाव के लिए पोलिंग पार्टियां हुईं रवाना

## मतदान केंद्रों की सुरक्षा को पुलिस ने डाला डेरा

### सुबह 7 से लेकर 4 बजे तक रवाना की गई 95 बसों में पोलिंग पार्टियां



- अधिकारियों ने देर रात तक मतदान स्थलों का किया निरीक्षण
- शांति पूर्वक चुनाव कराने के लिए पुलिस बल किया गया तैनात

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** आज बुधवार 20 नवंबर को गाजियाबाद विधानसभा सीट पर उपचुनाव है। उपचुनाव के लिए मंगलवार को कमला नेहरू नगर स्थित सीपीडब्ल्यूडी के मैदान से सुबह 7 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक 119 मतदान केंद्रों पर भेजे जाने वाली पोलिंग पार्टियां रवाना की गई हैं। इसके साथ ही पोलिंग पार्टी अपने साथ चुनाव संपन्न कराने की सामग्री के रूप में मिली किट को भी लेकर गई हैं। पोलिंग पार्टी रवाना हो रही थी, इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह और रिटर्निंग ऑफिसर डॉ. संतोष कुमार उपाध्याय सहित डीसीपी सिटी जोन राजेश कुमार, एसीपी कवि नगर अभिषेक श्रीवास्तव, एडीसीपी ट्रैफिक व चुनाव के नोडल प्रभारी पीयूष सिंह, एसीपी नंदग्राम पूनम मिश्रा और अजय सिंह पुलिस बल के साथ यहां मौजूद रहे और व्यवस्थाओं को संभालने का काम किया।



### 106 क्रिटिकल मतदेय स्थल पर तैनात रहेगा विशेष सुरक्षा बल

**करंट क्राइम :** आज शहर विधानसभा सीट गाजियाबाद पर विधानसभा उपचुनाव के लिए मतदान होना है। मतदान का समय सुबह 7 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक रहेगा। इस दौरान पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद और सुरक्षा बल 106 क्रिटिकल मतदेय स्थल पर ड्यूटी के रूप में यहां सुरक्षा बलों को लगाया जाएगा। साथ ही पूरे विधानसभा क्षेत्र को 4 जोन और 22 सेक्टरों में बांट दिया गया है। वहीं मंगलवार की रात पोलिंग पार्टियों के पहुंचने के बाद एसीपी घंटाघर कोतवाली रितेश त्रिपाठी ने उनके थानाक्षेत्र घंटाघर कोतवाली व विजयनगर के पोलिंग बूथ में उपस्थित पुलिस बल की जांच की और उनको आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।






### जिलाधिकारी ने की अपील, हर हाल में करें मतदान

करंट क्राइम : जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने मतदाताओं से अपील की है कि वह अधिक से अधिक मतदान करें। मतदाता के समय पर घर से निकलें और मतदान स्थल पर पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें। उन्होंने जानकारी दी है कि 20 नवंबर को सार्वजनिक अवकाश की घोषणा कर दी गई है।



### इन 12 पहचान पत्रों का मतदान में कर सकते हैं इस्तेमाल

करंट क्राइम : जिला अधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने निर्वाचन आयोग द्वारा जारी सभी 12 पहचान पत्रों के जरिए मतदान करने की जानकारी दी है। उन्होंने कहा है कि जिस भी व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में है वह 12 पहचान पत्र में से किसी को दिखा कर भी मतदान कर सकता है। उन्होंने मतदाताओं से अपील की है कि वह स्वयं मतदान करें और दूसरों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करें। अपने मत के प्रयोग करने के लिए मतदान केंद्र पर आधार कार्ड, पैन कार्ड, दिव्यांग यूनिक, आईडी कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस ,मनरेगा जॉब कार्ड, पेंशन दस्तावेज फोटो सहित, पासपोर्ट, पासबुक फोटो सहित, बैंक डाक द्वारा जारी फोटो युक्त सर्विस पहचान पत्र, केंद्र राज्य सरकार सार्वजनिक उपक्रम पब्लिक लिमिटेड द्वारा किसी भी 12 प्रकार के फोटो पहचान पत्र के साथ मतदान कर सकते हैं।

# गोविंदपुरम मंडी में जमा होगी ईवीएम और केंद्रीय सुरक्षा बल करेंगे निगरानी

- 80 कैमरों की देखरेख में रखी जाएगी ईवीएम
- शाम को गोविंदपुरम मंडी के मार्ग पर रहेगा रूट डायवर्जन




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** बुधवार को गाजियाबाद विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए मतदान होना है और मतदान का समय सुबह 7 से 5 तक रहेगा। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने सार्वजनिक अवकाश की घोषणा करते हुए स्कूलों में अवकाश और कोर्ट में भी अवकाश रहने की जानकारी दी है। अधिकारियों का भी फोकस है कि मतदान का प्रतिशत बढ़ाया जाए। वहीं मतदान होने के बाद शाम 5:30 बजे के बाद ईवीएम को सील करके गोविंदपुरम स्थित अनाज मंडी में लेकर जाया जाएगा। यहां 23 नवंबर को मतगणना सुबह 8 बजे से प्रारंभ होगी। मतगणना होने तक 119 मतदान केंद्रों के 506 मतदेय स्थल पर इस्तेमाल की जाने वाली ईवीएम को सुरक्षा के तीन स्तरीय घेरे में गोविंदपुरम अनाज मंडी में रखा जाएगा।

### सुरक्षा बलों के हवाले रहेगी गोविंदपुरम मंडी की सुरक्षा व्यवस्था



करंट क्राइम : एसीपी कवि नगर अभिषेक श्रीवास्तव ने जानकारी दी है कि विधानसभा उपचुनाव शहर सीट पर मतदान होने के बाद ईवीएम को कड़ी सुरक्षा के बीच गोविंदपुरम स्थित अनाज मंडी में लेकर स्ट्रांग रूम में रखवाया जाएगा। यहां सभी राजनीतिक दलों के एजेंट और पुलिस प्रशासन के अधिकारियों की मौजूदगी में ईवीएम और सुरक्षा बलों की देखरेख में इन्हें जमा किया जाएगा। ईवीएम की सुरक्षा के लिए मंडी परिसर और स्ट्रांग रूम के आसपास 80 से अधिक सीसीटीवी लगवाए गए हैं। साथ ही केंद्रीय सुरक्षा बल जिसमें सीआरपी, सीआईआईएफ और आरआरएफ के साथ ही पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अलग-अलग थानाक्षेत्रों की पुलिस को रिजर्व ड्यूटी में भी लगाया जाएगा ताकि ईवीएम के साथ किसी प्रकार की छेड़छाड़ ना की जा सके। वहीं जानकारी दी गई है कि जब तक मतगणना समाप्त नहीं हो जाएगी, तब तक केवल मंडी में उन्हीं लोगों को प्रवेश दिया जाएगा, जिनके पास आने-जाने का पहचान पत्र जारी हुआ होगा।



### मंडी के मुख्य मार्ग पर रहेगा शाम को रूट डायवर्जन

करंट क्राइम : शहर सीट पर विधानसभा चुनाव संपन्न होने के बाद 5 :30 बजे से लेकर जब तक गोविंदपुरम अनाज मंडी में 119 मतदान केंद्रों की ईवीएम मशीन जमा नहीं हो जाती है तब तक इस मार्ग पर रूट डायवर्जन किया जाएगा। हापुड़ चुंगी से मसूरी फ्लाईओवर की ओर जाने वाले मार्ग पर कई जगह बैरिकेटिंग लगाई जाएगी। साथ ही जो पोलिंग पार्टियों ईवीएम मशीन लेकर आएंगी, उनको सीधे गोविंदपुरम अनाज मंडी भेजा जाएगा। वहीं दोपहिया और चौपाहिया वाहनों को दूसरे मार्गो से निकल जाएगा। यातायात पुलिस की ओर से डायवर्जन का प्लान जारी करते हुए इस मार्ग पर पुलिसकर्मियों की ड्यूटी निर्धारित कर दी गई है ताकि आम जनता को जाम से कम से कम असुविधा हो।



# चुनाव की घोषणा के बाद से 'यूपी' में पांच दिन में सीएम योगी ने की 13 रैली, दो रोड शो

**लखनऊ।** चुनाव की घोषणा के बाद 'अपने यूपी' में पांच दिन में 13 रैली, दो रोड शो कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उपचुनाव की जमीन सींची। 'पहले विकास, फिर संवाद' के फॉमूर्ले को तय कर सीएम योगी आदित्यनाथ ने इस उपचुनाव में भी जी-तोड़ मेहनत की। 'मिशन-9' के तहत गाजियाबाद, खैर, मीरापुर, मझवां, फूलपुर की जीत बरकरार रखने के साथ अन्य सीटों पर कमल खिलाने के लिए उन्होंने कार्तिक व मार्गशीर्ष (अगहन मास) में भी खूब पसीना बहाया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे उनके निशाने पर रहे तो अखिलेश यादव की नीति व नीयत पर भी सीएम योगी ने निशाना साधते हुए उन्हें आईना दिखाया। उत्तर प्रदेश उपचुनाव की रैलियों में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव व अन्य रैलियों में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ ही माफिया भी सीएम योगी आदित्यनाथ के निशाने पर रहे।



उन्होंने मतदाताओं से साफ-साफ कहा कि 'माफिया मुक्त उत्तर प्रदेश' की भांति अन्य राज्यों में भी माफिया हटाने में सरकार का साथ दें। माफिया हटाना है और विकास के लिए फिर कमल खिलाना है। सीएम योगी की यह अपील काफी कारगर साबित हो रही है। यूपी में माफिया की दुर्गति देख मतदाता उनके आह्वान के साथ उपचुनाव और आम चुनाव में फिर कमल खिलाने के लिए जुट गए हैं।

गाजियाबाद, खैर, मीरापुर, मझवा और फूलपुर से भाजपा-सहयोगी दलों के विधायकों के सांसद बनने के बाद यह सीटें रिक्त हो गईं। उपचुनाव में भाजपा ने गाजियाबाद से संजीव शर्मा, खैर से सुरेंद्र दिलेर, मझवा से सुचिस्मिता मौर्य व फूलपुर से दीपक पटेल को टिकट दिया है। मीरापुर सीट से रालोद के मिथिलेश पाल मैदान में हैं। योगी आदित्यनाथ ने इन सीटों पर फिर से कमल खिलाने के लिए मतदाताओं का आह्वान किया तो वहीं यूपी की अन्य सीटों कटेहरी, करहल, कुंदरकी व सीसामऊ में भी कमल खिलाने के लिए काफी पसीना बहाया। 20 नवंबर को यूपी में वोटिंग होगी और 23 को परिणाम आएंगे। लोकसभा चुनाव के पहले पत्नी डिंपल यादव के उपचुनाव को छोड़ दें तो अमूमन उपचुनावों में अखिलेश यादव अपने ही प्रत्याशियों को मझधार में छोड़ देते थे। प्रत्याशी उनकी राह देखते थे, लेकिन अखिलेश प्रचार में नहीं जाते थे। विधानसभा उपचुनाव की भी बात करें तो कई ऐसे मौके आए, जब सपा प्रत्याशी सहारे की तलाश में रहे। जब उन्हें अपनों की जरूरत पड़ी तो अखिलेश नदारद रहे, लेकिन सीएम योगी ने हर चुनाव में अपनों का हाथ थामे रखा। सीएम योगी की मेहनत देख इस उपचुनाव में अखिलेश को भी आखिरकार अपनों की याद आ ही गई।

उत्तर प्रदेश में जब-जब उपचुनाव हुआ, योगी आदित्यनाथ ने भाजपा कार्यकर्ता के रूप में प्रचार की कमान संभाली। इसका परिणाम हुआ कि भाजपा व सहयोगी दलों ने काफी कमाल किया। गोला गोकर्णनाथ में तत्कालीन विधायक अरविंद गिरि के निधन से सीट रिक्त हुई तो 2022 में योगी के प्रचार की बदौलत अमन गिरि यहां से कमल खिलाने में सफल हुए। मई 2023 में छानबे सीट पर उपचुनाव में अपना दल (सोनेलाल) की रिंकी कोल व स्वार टांडा में अपना दल (एस) के शफीक अंसारी चुनाव जीते। इन दोनों के लिए भी सीएम योगी ने पसीना बहाया और जनता से संवाद कर इन्हें लखनऊ पहुंचाया।

# अरविंद केजरीवाल बोले भगवान व जनता हमारे साथ, बहुमत के साथ जीतेगी आप

**नई दिल्ली।** अरविंद केजरीवाल ने पदाधिकारी सम्मेलन में आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा ने आप नेताओं को जेल भेज कर, खरीदकर, सारे षडयंत्र करके देख लिए, लेकिन आप इनके काबू में नहीं आई। दिल्ली विधानसभा चुनाव जीतने के लिए भाजपा सारे हथकंडे अपनाएगी, लेकिन आखिर में जीत हमारी ही होगी। दिल्ली विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटी आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को पदाधिकारी सम्मेलन को संबोधित किया। इसके तहत उन्होंने दक्षिणी दिल्ली, उत्तर-पूर्वी दिल्ली और पूर्वी दिल्ली लोकसभा में मंडल प्रभारियों से बात कर हर बूथ जीतने का मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि भगवान आप के साथ है। इस बार भी आप प्रचंड बहुमत के साथ दिल्ली का चुनाव जीतेगी। उन्होंने दावा किया कि एमसीडी मेयर चुनाव में भगवान ने आप को यह संकेत दे दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा पूरे आत्म विश्वास में थी कि पैसा और पावर से आप के पार्षदों को तोड़कर



एमसीडी मेयर का चुनाव जीत लेंगे। लेकिन, भगवान ने अपना सुदर्शन चक्र चलाया और आप जीत गई।

## आप देती है छह रेवड़ियां : केजरीवाल

केजरीवाल ने कहा कि आप सच्चाई के रास्ते पर चल रही है। लड़ाई बहुत मुश्किल है। पिछले दो साल के अंदर आप ने जो झेला है ऐसा किसी पार्टी के ऊपर इतना जबरदस्त वार नहीं हुआ होगा। केजरीवाल ने कहा कि भाजपा कहती है कि आप मुफ्त की रेवड़ी देती है। उन्होंने कहा, हां आप फ्री की छह रेवड़ियां देती है। भाजपा की 20 राज्यों में सरकार है, लेकिन वो एक भी राज्य बता दे जहां इनमें से एक भी रेवड़ी मिलती हो। पहली रेवड़ी है कि 24 घंटे बिजली आना। दूसरी पानी फ्री कर दिया। तीसरी स्कूल अच्छे कर दिए। चौथी इलाज मुफ्त कर दिया। पांचवीं रेवड़ी महिलाओं की फ्री बस यात्रा है। छठी रेवड़ी तीर्थयात्रा है। भाजपा वाले ये नहीं देंगे।

## आप के पास है जुनून : पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया

पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि आप का सबके बीच एक भावनात्मक रिश्ता है। इस वजह से केजरीवाल कहते हैं कि यह पार्टी नहीं, परिवार है। भाजपा अपनी सारी ताकत लगाकर पिछले दस साल से जब से पार्टी बनी है इस पार्टी को नहीं, बल्कि इस परिवार को तोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन, यह आप की ताकत है कि हम एक परिवार हैं।

## न्यूज डायरी

### बीवीए का विनोद तावड़े पर पैसे बांटने का आरोप, बीजेपी बोली- यह विपक्ष की साजिश

**मुंम्बई।** पालघर के नालासोपारा विधानसभा क्षेत्र में सोमवार को एक होटल के बाहर बहुजन विकास अघाड़ी के कार्यकर्ताओं ने हंगामा किया। होटल के अंदर भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े की बैठक चल रही थी। बहुजन विकास अघाड़ी के विधायक क्षितिज ठाकुर और उनके कार्यकर्ताओं ने भाजपा पर पैसे बांटने का आरोप लगाया।

बीवीए नेता हितेंद्र ठाकुर ने आरोप लगाया कि वरिष्ठ भाजपा नेता विनोद तावड़े ने पालघर जिले के एक निर्वाचन क्षेत्र में मतदाताओं को पैसे बांटे। तावड़े और बीवीए नेताओं और कार्यकर्ताओं के बीच टकराव का एक कथित वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। 288 सदस्यीय राज्य विधानसभा के लिए 20 नवंबर को मतदान होगा और मतों की गिनती 23 नवंबर को होगी।

पत्रकारों से बात करते हुए ठाकुर ने दावा किया कि कुछ भाजपा नेताओं ने बताया कि भाजपा महासचिव विनोद तावड़े मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए 5 करोड़ रुपये बांटने विरार आ रहे हैं। मुझे लगा कि उनके जैसा राष्ट्रीय नेता इतना छोटा काम नहीं करेगा। फिर मैंने उन्हें यहां देखा। मैं चुनाव आयोग से



उनके और भाजपा के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग करता हूं। बीवीए विधायक ने आरोप लगाया कि जिस होटल में तावड़े ठहरे थे, उसकी सीसीटीवी रिकॉर्डिंग बंद कर दी गई थी। होटल प्रशासन तावड़े और भाजपा के साथ मिलीभगत करता दिख रहा है। हमारे कहने के बाद ही उन्होंने सीसीटीवी चालू किया। तावड़े मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए पैसे बांट रहे थे।

इस बीच खबर आई कि तावड़े और ठाकुर एक साथ बैठकर प्रेस कॉन्फ्रेंस करने वाले हैं। हालांकि, इसे चुनाव आयोग ने रुकवा दिया। इस बारे में जब तावड़े से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि हमें इस मामले में कुछ नहीं पता। इसके थोड़ी देर बाद ही दोनों को एक ही गाड़ी में बैठकर होटल से रवाना हो गए।

#### विनोद तावड़े ने क्या कहा?

मामले में प्रतिक्रिया देते हुए विनोद तावड़े ने कहा कि नालासोपारा के विधायकों की बैठक चल रही थी। मतदान के दिन के लिए आदर्श आचार संहिता, वोटिंग मशीन को कैसे सील किया जाएगा और अगर कोई आपत्ति दर्ज करानी है तो क्या करना है? मैं उन्हें इसके बारे में बताने गया था। बहुजन विकास अघाड़ी के कार्यकर्ता अप्पा ठाकुर और क्षितिज को लगा कि हम पैसे बांट रहे हैं। चुनाव आयोग और पुलिस को जांच करनी चाहिए, सीसीटीवी फुटेज निकालने चाहिए। मैं 40 साल से पार्टी में हूं। अप्पा ठाकुर और क्षितिज मुझे जानते हैं, पूरी पार्टी मुझे जानती है। फिर भी मेरा मानना है कि चुनाव आयोग को निष्पक्ष जांच करनी चाहिए।

#### विपक्ष ने जमकर बोला हमला

मामले में शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने कहा कि मैंने तुलजाभवानी मंदिर में पूजा-अर्चना की और प्रार्थना की कि महाराष्ट्र में भ्रष्ट राक्षसों का राज खत्म हो। मैंने प्रार्थना की है कि ऐसी सरकार आए जो महाराष्ट्र की संस्कृति को संवारेगी। यहां आते समय भी मेरे बैग की जांच की गई, लेकिन कुछ नहीं मिला। मुझे आप लोगों से पता चला है कि विनोद तावड़े के बैग में पैसे मिले थे। कल अनिल देशमुख पर हुए हमले में इस्तेमाल किए गए पत्थर की जांच कौन करेगा? शिवसेना के संजय राउत ने कहा कि भाजपा की योजना का फंडा फूट गया है। ठाकुर ने वही किया है जो चुनाव आयोग को करना चाहिए था। चुनाव आयोग के अधिकारी हमारे बैग की तलाशी लेते हैं और हमारी जांच करते हैं, फिर भी भाजपा के इन लोगों पर ऐसी कोई जांच नहीं होती।

# इंदिरा गांधी की जयंती पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी ने मंगलवार को भारत की पहली महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की 107वीं जयंती मनाई। इस अवसर पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इंदिरा गांधी की समाधि 'शक्ति स्थल' पर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

कांग्रेस पार्टी ने एक्स पर अपने आधिकारिक पोस्ट में कहा, इंदिरा गांधी शक्ति और दृढ़ता की प्रतिमूर्ति थीं। उनके परिवर्तनकारी नेतृत्व ने भारत को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया, बाधाओं को तोड़ा और भारत के भविष्य को आकार दिया। हम इंदिरा गांधी को अपनी हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं, जिनकी देशभक्ति और राष्ट्र के प्रति समर्पण लाखों लोगों को प्रेरित करता है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी एक्स पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा, करोड़ों भारतीय 'भारत की लौह महिला' इंदिरा गांधी के जीवन से प्रेरणा लेते रहेंगे, क्योंकि वह आजीवन संघर्ष, साहस और गतिशील नेतृत्व की प्रतिमूर्ति थीं, जिन्होंने राष्ट्र निर्माण में निस्वार्थ योगदान दिया। उन्होंने भारत की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए अपना



जीवन बलिदान कर दिया। उनकी जयंती पर हमारी विनम्र श्रद्धांजलि। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक भावुक पोस्ट में लिखा, दादी साहस और प्रेम दोनों की मिसाल थीं। उनसे मैंने सीखा है कि असली ताकत राष्ट्रहित के मार्ग पर निडर होकर चलना है। उनकी यादें मेरी ताकत हैं, जो मुझे हमेशा रास्ता दिखाती हैं। वहीं कांग्रेस महासचिव ने प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी एक्स पर एक मार्मिक संदेश साझा किया, जिसमें भारत के आदिवासी समुदायों के साथ इंदिरा गांधी के संबंधों पर प्रकाश डाला गया।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने एक्स पोस्ट पर लिखा, पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी जी की जयंती पर श्रद्धासुमन। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने भी इंदिरा गांधी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने एक्स पोस्ट पर लिखा, पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती पर मेरी सच्ची श्रद्धांजलि। उनका जीवन हर किसी के लिए प्रेरणा है, क्योंकि वह भारतीय इतिहास में भारत की सबसे सफल प्रधानमंत्रियों में से एक थी। चुनौतियों का डटकर सामना करने, सर्वोच्च राष्ट्रीय हित के लिए लड़ने की उनकी प्रवृत्ति, और भारत के प्रत्येक नागरिक की मदद करने की उनकी प्रतिबद्धता उन्हें एक विशेष नेता बनाती है। आज भी करोड़ों भारतीय उनके कार्यकाल को याद करते हैं और हमारे समाज में उनके अतुलनीय योगदान को सम्मान देते है।

# ऐसी चुनावी हिंसा इससे पहले कभी नहीं देखी महाराष्ट्र में कानून व्यवस्था ध्वस्त: संजय राउत

**मुंबई।** एनसीपी-एसपी के वरिष्ठ नेता अनिल देशमुख पर हुए हमले को लेकर शिवसेना-यूबीटी सांसद संजय राउत ने प्रदेश की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि महाराष्ट्र की कानून व्यवस्था पूरी तरीके से खत्म हो चुकी है। इस राज्य में चुनाव के दौरान इस प्रकार की भयंकर हिंसा कभी नहीं देखी गई। महाराष्ट्र के पूर्व गृहमंत्री अनिल देशमुख के ऊपर हमले की घटना बेहद निंदनीय है। जिस तरीके से उन



पर हमला हुआ, उनका सिर फूट गया, इसके लिए कौन जिम्मेदार है? वह सात बार के विधायक और मंत्री रह चुके है। वह शरद पवार साहब के बहुत ही करीबी हैं।

उन्होंने आगे कहा कि अनिल देशमुख के ऊपर जिस प्रकार से हमला हुआ है, उसकी जिम्मेदारी प्रदेश के गृह मंत्री देवेंद्र फडणवीस को लेनी चाहिए। भारतीय जनता पार्टी इसे पॉलिटिकल स्टंट करार दे रही है। स्टंटबाजी बीजेपी में होती है लेकिन महाराष्ट्र में नहीं। हमें स्टंट सीखने की जरूरत नहीं है। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के धर्मयुद्ध वाले बयान पर राउत ने कहा कि जब भाजपा को हार का सामना करना पड़ता है तब वे धर्मयुद्ध की बातें करते हैं। महाराष्ट्र में केवल एक धर्म है और वह है छत्रपति शिवाजी महाराज की विरासत। नरेंद्र मोदी, अमित शाह, देवेंद्र फडणवीस, एकनाथ शिंदे ने महाराष्ट्र को लूटने का जो बीड़ा उठाया है, उसके खिलाफ धर्मयुद्ध करेंगे। उन्होंने राज ठाकरे पर भाजपा की स्क्रिप्ट पढ़ने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कभी वह बीजेपी की स्क्रिप्ट पढ़ लेते हैं तो कभी एकनाथ शिंदे की स्क्रिप्ट पढ़ते है और कभी नारायण राणे की स्क्रिप्ट पढ़ लेते हैं। एक जमाने में राज ठाकरे जी हमारे मित्र हुआ करते थे लेकिन मुझे लगता है कि भारतीय जनता पार्टी ने उनके दिमाग पर पूरी तरह से कब्जा कर लिया है।

# पूर्व सीएम की हत्या के दोषी बलवंत सिंह राजोआना को तीन घंटे की पैरोल

**पंजाब।** पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह की हत्या का दोषी बलवंत सिंह राजोआना जेल से बाहर आएगा। पंजाब हरियाणा हाई कोर्ट ने राजोआना को तीन घंटे की पैरोल मिली है। वह बुधवार को जेल से बाहर आएगा। पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह हत्या मामले में सजा काट रहे दोषी बलवंत सिंह राजोआना को पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट से पैरोल मिली है। बलवंत सिंह राजोआना को दो घंटे की पैरोल मिली है। बलवंत सिंह राजोआना के भाई कुलवंत सिंह राजोआना की मौत के बाद उनके गांव में बुधवार को होने



वाले भोग और अंतिम अरदास की रस्म के लिए पैरोल दी गई है। हाई कोर्ट ने राजोआना को पुलिस कस्टडी में सुबह 11 से 2 बजे तक भाई के भोग और अंतिम अरदास में शामिल होने की इजाजत दी है। पटियाला जेल में बंद राजोआना ने अपने भाई के 20 नवंबर को होने वाले भोग और अंतिम अरदास में शामिल होने के लिए टेंपररी पैरोल दिए जाने की मांग को लेकर हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। याचिका में कहा था कि उनके भाई कुलवंत सिंह राजोआना की 14 नवंबर को मौत हुई है। 20 नवंबर को लुधियाना के राजोआना कलां गांव के मंजी साहिब गुरुद्वारे में उनका भोग है। इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए उन्हें इजाजत दी जाए। याचिका में कहा है कि उन्होंने पहले पटियाला जेल के सुपरिंटेंडेंट को पैरोल दिए जाने की अर्जी दी थी, जिसे खारिज कर दिया गया था।

# विधानसभा के अंतिम दिन हरियाणा कृषि भूमि पट्टा विधेयक 2024 पास

**चंडीगढ़।** हरियाणा में पांच साल से अनुबंध पर काम कर रहे 1.20 लाख कच्चे कर्मचारियों की सेवाएं अब सेवानिवृत्ति (58 साल) तक जारी रखने के फैसले पर मुहर लगाई गई थी। हरियाणा विधानसभा के शीतकालीन सत्र के अंतिम दिन हरियाणा कृषि भूमि पट्टा विधेयक 2024 सर्वसम्मति से पास हुआ। इससे पहले सोमवार को हरियाणा में पांच साल से अनुबंध पर काम कर रहे 1.20 लाख कच्चे कर्मचारियों की सेवाएं अब सेवानिवृत्ति (58 साल) तक जारी रखने के फैसले पर मुहर लगाई गई थी। सरकारी विभागों, बोर्ड-निगमों और स्वायत्त निकायों में कौशल



रोजगार निगम, आउटसोर्सिंग पालिसी पार्ट-1 और आउटसोर्सिंग पालिसी पार्ट-2 और तदर्थ आधार पर लगे 50 हजार रुपये तक मासिक वेतन वाले सभी कच्चे कर्मचारियों को इसका लाभ मिलेगा। हंगामे और 2 घंटे की कड़ी बहस के बीच आखिरकार हरियाणा विधानसभा में हरियाणा संविदात्मक कर्मचारी (सेवा की सुनिश्चितता) विधेयक, 2024 पास हो गया था। राज्यपाल की मंजूरी के बाद यह कानून बन जाएगा। वहीं, सीएम ने सदन में ऐलान किया कि 50 हजार से अधिक वेतन वाले कच्चे कर्मचारियों के लिए भी विधेयक लाया जाएगा।

# सपा ने पुलिस-प्रशासन पर लगाए गंभीर आरोप

## कहा- बुर्का उठाकर डराती है, पुलिस न जांचें आईकार्ड

**लखनऊ।** यूपी उपचुनाव को लेकर सपा ने पुलिस-प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। चुनाव आयोग को पत्र भेजकर मांग की है कि पुलिस बुर्का उठाकर डराती है। पुलिस आईकार्ड न जांचें।

यूपी में नौ सीटों पर होने वाले उपचुनाव के लिए प्रचार थम गया है। बुधवार को मतदान होना है। इससे पहले सपा सरकार और प्रशासन हमलावर है। सपा की तरफ से मांग की गई है कि कोई भी पुलिसकर्मी किसी की आईडी न चेक करे। यही नहीं बुर्का पहनकर आने वाली महिलाओं का बुर्का हटाकर जांच न की जाए।

बताते चलें कि सपा की तरफ से चुनाव आयोग को एक पत्र लिखा गया है। इसमें सपा ने कई मांगें रखी हैं। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने भी पुलिस-प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि प्रशासन तो केवल चुनाव में गड़बड़ी कर सकता है। मुझे उम्मीद है कि प्रशासन बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के दिए संविधान को बचाने के लिए अधिकार की रक्षा करने का काम करेगा।



### सपा सांसद ने छोड़ दी सुरक्षा

बताते चलें कि दूसरी तरफ सपा सांसद लालजी वर्मा ने कटेहरी विधानसभा के उपचुनाव पर प्रशासन पर मतदाताओं को डराने का आरोप लगाया। सांसद ने अपनी सुरक्षा वापस कर दी है। उन्होंने एसपी को पत्र लिखा। कहा कि लाल पर्ची देकर मुस्लिम, कुर्मी, यादव मतदाताओं को डराया जा रहा है। यह स्वस्थ लोकतंत्र के लिए घातक है। कहा कि आपने मुझे अतिरिक्त गनर देने की पेशकश की थी, उसकी समाजवादी पार्टी ने छह पन्नों की एक चिट्ठी लिखकर चुनाव आयोग से कहा है कि उत्तर प्रदेश में मतदान के दिन यानि 20 नवंबर को पुलिस को मतदाताओं यानि वोटरों के आई कार्ड जांचने की अनुमति न दी जाए। समाजवादी पार्टी ने इस चिट्ठी में आरोप लगाया है कि आई कार्ड जांचने के बहाने पुलिस सपा समर्थक मतदाताओं को प्रभावित करने का काम कर रही है। सपा ने लिखा कि लोकसभा चुनाव के दौरान इसी तर्ज पर पुलिस ने मुस्लिम महिला मतदाताओं की पहचान के नाम पर नकाब हटवाए थे। करहल में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की शिकायत भी समाजवादी पार्टी ने की है। ज्ञापन में समाजवादी पार्टी ने पहले बिंदु में लिखा कि प्रदेश में नौ विधानसभा क्षेत्रों के चुनाव, प्रशासन और पुलिस से जुड़े अधिकारियों को लिखित आदेश जारी किया जाए कि 20 नवंबर को ₹मतदान के दिन कोई पुलिसकर्मी किसी भी मतदाता की आईडी (मतदाता पहचान पत्र) की जांच नहीं करेंगे। दूसरे बिंदू में सपा ने लिखा कि मतदान के दिन मतदान अधिकारी को मतदाता की आईडी (मतदाता पहचान पत्र) की जांच करने का अधिकार दिया गया है। तीसरे बिंदु में भारत निर्वाचन आयोग की ल्रअठऊ इडडड ऋडफ उअठउ्रऊअळए का जिक्र करते हुए लिखा कि मतदान के दिन मतदान केंद्र पर तैनात पुलिसकर्मी मतदाता की आईडी (मतदाता पहचान पत्र) की जांच नहीं करेंगे।

सपा ने चौथे बिंदु में लोकसभा चुनाव के दौरान हुई घटना का हवाला देते हुए लिखा है कि लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान के दिन सुरक्षा व्यवस्था के लिए लगाए गए पुलिस कर्मियों द्वारा सपा समर्थक मतदाताओं विशेषकर मुस्लिम महिला मतदाताओं को पहचान के बहाने, उनका नकाब उठाने की प्रक्रिया से महिलाओं को भयभीत किया गया।

# सुक्खू सरकार के दो साल के जश्न में आएंगे राहुल, प्रियंका और खरगे

**शिमला।** सरकार के दो साल पूरे होने पर कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी सहित कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और महासचिव प्रियंका गांधी बिलासपुर आएंगे।

हिमाचल प्रदेश सरकार के दो साल पूरे होने पर कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी सहित कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और महासचिव प्रियंका गांधी बिलासपुर आएंगे। इन्हें न्योता देने के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू जल्द दिल्ली जाएंगे।



11 दिसंबर को बिलासपुर में हिमाचल सरकार के दो साल पूरे होने का जश्न मनाया जाएगा। इस दौरान प्रदर्शनी के माध्यम से प्रदेश में चल रहीं कल्याणकारी योजनाओं की सभी विभाग जानकारियां भी देंगे। कांग्रेस सरकार के कार्यकाल के दूसरे वर्ष में जिन योजनाओं को शुरू किया गया है, उनके प्रचार-प्रसार के लिए दिसंबर के पहले सप्ताह से प्रदेशभर में विशेष अभियान चलाया जाएगा। आगामी तीन वर्ष के दौरान सरकार की क्या प्राथमिकताएं रहेंगी, इसका खुलासा मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू 11 दिसंबर को जनसभा के दौरान करेंगे। इस कार्यक्रम में पार्टी के प्रदेश प्रभारी राजीव शुक्ल सहित कर्नाटक और तेलंगाना के मुख्यमंत्रियों को भी बुलाया जाएगा। तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धमार्णी ने बताया कि सरकार के दो वर्ष का कार्यकाल पूरा होने के लिए आभार कार्यक्रम बिलासपुर में आयोजित किया जाना हमारे लिए सौभाग्य की बात है। यहां होने वाली जनसभा में 25 हजार लोग शामिल होंगे। बिलासपुर के अलावा शिमला, सोलन, मंडी और हमीरपुर से कार्यकर्ता मुख्य तौर पर आएंगे।

## उत्तर प्रदेश की नौ सीटों पर आज मतदान, मैदान में 90 उम्मीदवार



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की नौ विधानसभा सीटों के लिए 20 नवंबर को मतदान होगा। इस उपचुनाव में कुल 90 उम्मीदवार अपना भाग्य आजमा रहे हैं। जबकि, नौ विधानसभा क्षेत्र में 34,35,974 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार सबसे अधिक 14 उम्मीदवार गाजियाबाद में हैं। सबसे कम सीसामऊ और खैर में पांच-पांच प्रत्याशी हैं। मतदान सुबह 7 से शाम 5 बजे तक होगा। इन निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 3,718 मतदेय स्थल (पोलिंग बूथ) और 1,917 मतदान केंद्र हैं। चुनाव आयोग ने 9 सामान्य प्रेक्षक, 5 पुलिस प्रेक्षक और 9 व्यय प्रेक्षक तैनात किए हैं।चुनाव प्रक्रिया को पूरा करने के लिए 843 भारी वाहन, 762 हल्के वाहन और 16,318 मतदान कर्मी लगाए गए हैं। नौ विधानसभा में 18,46,846 पुरुष और 15,88,967 महिला मतदाता हैं। वहीं, 161 तृतीय लिंग के मतदाता हैं। चुनाव आयोग ने बताया कि मतदान के लिए 5,151 ईवीएम की कंट्रोल यूनिट, 5,171 बैलट यूनिट और 5,524 वीवीपैट तैयार किए गए हैं। चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पर्याप्त मात्रा में अर्धसैनिक बलों की तैनाती की गई है।

## चुनाव आयोग ने किया स्पष्ट, मतदाता की पहचान करना पुलिस का काम नहीं

**लखनऊ।** मतदान के दिन मतदाताओं के पहचान का काम पुलिस कर्मी नहीं कर सकेंगे। इसके लिए प्रदेश के अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी चंद्रशेखर ने उपचुनाव से संबंधित सभी पुलिस आयुक्तों व अधीक्षकों और जिला निर्वाचन अधिकारियों (डीएम) को जरूरी निर्देश जारी कर दिए हैं। आयोग की ओर से अधिकारियों को जारी पत्र में कहा गया है कि समाजवादी पार्टी ने मतदाताओं की पहचान पुलिस बल द्वारा न किए जाने के संबंध में अनुरोध किया है।



इस संबंध में अवगत कराना है कि मतदान के दिन मतदाताओं की पहचान पीठासीन अधिकारी और उनकी टीम ही करती है। मतदाताओं की पहचान पुलिस बल नहीं करता है। पुलिस बल का मुख्य उद्देश्य मतदान के दिन शांति-व्यवस्था स्थापित किया जाना है।

आयोग ने इन निदेशों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए हैं, ताकि बूथ पर किसी तरह की अव्यवस्था उत्पन्न न हो। इसी तरह से हैंडबुक फॉर रिटर्निंग ऑफिसर-2023 में महिला व पर्दानशीं मतदाताओं की पहचान के संबंध में प्रावधान दिए गए हैं, उनका भी पालन सुनिश्चित किया जाए।

# मतदान को 506 मतदेय स्थलों पर पुख्ता हुए इंतजाम

## निगम ने पिंक बूथ के साथ-साथ युवाओं, दिव्यांगों और मॉडल बूथ भी बनाए

### अधिकारियों ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम द्वारा उपचुनाव की तैयारियों को लगभग पूर्ण कर लिया गया है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देशानुसार सभी निगम अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं। 506 बूथों को भी तैयार किया जा चुका है। कमला नेहरू नगर पोलिंग पार्टी ग्राउंड में निरंतर सफाई अभियान चल रहा है जिसमें पानी का छिड़काव भी किया जा रहा है। अन्य मतदान केंद्रों को भी पूर्ण रूप से व्यवस्थित कराया गया है। गाजियाबाद नगर निगम के वरिष्ठ निर्वाचन प्रभारी अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव द्वारा मौके पर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। प्रकाश व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, पानी छिड़काव की व्यवस्था सभी बूथों पर कराई गई है, इसके अलावा रजाई-गद्दा की व्यवस्था स्थलों पर कराई गई है।

मुख्य अभियंता निर्माण ने बताया कि ठाकुरद्वारा बालिका विद्यालय में महिलाओं के लिए बूथ बनाया गया है। चौधरी छबिल दास पब्लिक स्कूल पटेलनगर में दिव्यांगों के लिए बूथ। गोल्डन पब्लिक स्कूल सेक्टर 11 प्रताप विहार में युवाओं के लिए बूथ बनाया गया है। इसके अलावा इंद्रापुरम पब्लिक स्कूल डूंडाहैडा में मॉडल बूथ बनाया गया है। नगर आयुक्त द्वारा गाजियाबाद नगर निगम टीम को चुनाव व्यवस्था में अपडेट रहने के निर्देश दिए गए।

# जनता का रुझान और प्रचार का मैदान दे रहा है संकेत फूल है मजबूत

## हाथ के साथ साइकिल और नीले हाथी को यहां बचाना है अपना सियासी वजूद

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** आंकड़ों की बात करें और मौजूदा परिस्थितियो की बात करें तो ये बात भले ही अपोजिशन वालों को खल सकती है, लेकिन जो जनता का रुझान है और जो चुनावी मैदान है वो इस बात के संकेत दे रहे हैं कि यहां कमल का फूल अपने गढ़ में एक मजबूत स्थिति में है।

अगर पूरे चुनाव प्रचार को देखा जाए तो भाजपा ने अपने स्टार प्रचारकों का उपयोग किया है और सबसे बड़ी बात ये है कि उसने बूथ पर अपने कार्यकताओं की एक फौज को लगाया है। उसका कार्यकर्ता घर-घर पर्ची देकर आया है और उनके स्टार प्रचारक चेहरे ने बार बार यही समझाया है कि ओवर कॉन्फिडेंस में नहीं रहना है। उन्होंने बूथ पर अपने कार्यकताओं को घर आवंटित किए हैं। उससे पहले उन्होंने पार्षदों को सदस्यता अभियान का टारगेट दिया और अब उनकी वो टोली मैदान में आ गई है जो वोट को ईवीएम तक लाती है।




हालांकि ऐसा नहीं है कि अपोजिशन के दल कहीं से कहीं तक कमजोर हैं लेकिन यहां पर सत्ता होने और ना होने का फर्क भी पड़ता है।

अगर बसपा की बात करें तो वो वर्ष 2012 से ही सूबे की सत्ता से बाहर है। लगातार उसकी सीटें घट रही है और वो आज लोकसभा में जीरो और उत्तर प्रदेश की विधानसभा में मात्र एक विधायक के सहारे चल रही है। ऐसे में हाथी के सामने एक बड़ा सवाल अपने सियासी वजूद को बचाने का है। लोकसभा चुनावों के बाद गाजियाबाद में भी उसके वजूद को लेकर सवाल है। लोकसभा चुनाव में पहली बार हुआ जब नीला हाथी अपने डीएम फैक्टर को लेकर भी एक लाख का आंकड़ा पार नहीं कर पाया। ये तब हुआ जब उसके उम्मीदवार ठाकुर थे। भिागदौड में किसी की कोई कमी नहीं है लेकिन समीकरण चुनाव में सबसे अहम होते हैं। गठबंधन प्रत्याशी को भी उसी फैक्टर का सामना करना पड़ा है जिस फैक्टर से बसपा का हाथी जुड़ गया है। यहां सपा मुखिया अखिलेश यादव चुनाव से बहुत पहले एक बार आए और फिर नहीं आए। कांग्रेस के राहुल गांधी, प्रियंका गांधी जैसे चेहरे यहां नहीं दिखाई दिये।

जो नए चेहरे आए उनमें वो धार नहीं थी। अब यहां बसपा और सपा के सामने अपने वोट बैंक को सहेजने की चुनौती है। अगर उसके वोट बैंक में सेंध लगती है तो ये उसके लिए ठीक लक्षण नहीं है। अगर उनके क्षेत्रों में मतदान का प्रतिशत धीमा रहता है तो इसका पूरा असर इन दलों की सियासी स्पीड पर पड़ेगा। बहरहाल अब आज जनता को अपने वोट से फैसला करना है। भाजपा कॉन्फिडेंस में है और विपक्षी दल भी पूरा जोर लगा रहे हैं।

### शहर में हर तरफ पहले से ही खिला हुआ है कमल का फूल

**करंट क्राइम।** शहर क्षेत्र में चुनाव हो रहा है और यहां देखें तो कमल का फूल पहले से खिला हुआ है। ये भाजपा का गढ़ है। यहां लोकसभा सीट भाजपा ने बनारस और लखनऊ के मुकाबले बड़े अंतराल से जीती है। जिस सीट पर चुनाव हो रहा है वो भाजपा की लगातार दूसरी बार जीती हुई सीट है। यहां मेयर चुनाव में भाजपा हमेशा से जीतती आ रही है। सौ पार्षदों वाले सदन में वो 75 पार्षदों के साथ है। लिहाजा ऐसे में भाजपा का पलड़ा मजबूत माना जा रहा है। फैसला मतदाताओं को सुनाना है और मतदाता कभी भी चाल बदल सकते हैं, लेकिन आंकड़े इस बात की तस्दीक कर रहे हैं कि यहां भाजपा वीक नहीं है और वैसे भी उपचुनाव सत्ता का चुनाव माना जाता है। यहां वर्ष 2004 में सुरेंद्र मुन्नी सपा के टिकट पर तब चुनाव जीते थे जब सपा सत्ता में थी।

### बस्तों पर उमड़ी भीड़ बताएगी हवा का रुख

**करंट क्राइम।** शहर में आज चुनाव होगा, मतदान होगा और लिखने कहने से क्या होगा मगर जनता जहां खड़ी होगी वहीं से रुझान तय होगा। आज जब बूथ और बस्तों पर भीड़ उमड़ेगी तो वो भीड़ बता देगी कि चुनाव का रुख क्या है। अगर नीले बस्ते पर भीड़ उमड़ती है तो माना जाएगा कि हवा नीली चल रही है और अगर फूल वालों के बस्ते पर भीड़ उमड़ती है तो ये मान लिया जाएगा कि पवन केसरिया है और गठबंधन वाले बस्ते पर लोग दिखाई देते हैं तो ये माना जाएगा कि साइकिल यहां माइलेज दे रही है। हाथ यहां सपोर्ट कर रहा है। बहरहाल आज बस्तों पर, बूथों पर उमड़ी भीड़ बता देगी कि हवा किधर की चल रही है।

## चुनाव में मतदान कर्मियों को भाता है जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह का दोस्ताना अंदाज

### एक ऊर्जा, एक मुस्कान और अभिवादन के साथ वो देते हैं एक नया संदेश



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** जिला निर्वाचन अधिकारी यानी डीएम इन्द्र विक्रम सिंह एक ऐसे आईएएस अधिकारी हैं जो अपने अधिनस्थ कर्मचारियों को अपने व्यवहार से प्रेरित करते हैं। मतदान ड्यूटी को सरकारी कर्मचारी एक अतिरिक्त कार्य समझते हैं और कई बार होता कि कर्मचारी मतदान ड्यूटी में नहीं जाना चाहते। कई बार जहां से पोलिंग पार्टियां रवाना होनी है वहां का माहौल उदासनी रहता है, लेकिन ये डीएम इन्द्र विक्रम सिंह हैं जिनका अंदाज पूरे माहौल को खुशनुमा कर देता है। वो अपनी बात भी समझाते हैं और कर्मचारियों में जोश भी भर जाते हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी के रूप में डीएम इन्द्र विक्रम सिंह ने मंगलवार की सुबह ही पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल कमला नेहरूनगर मैदान में पहुंचकर पोलिंग पार्टियों का हौसला बढ़ाया। उन्होंने अपनी ही शैली में सभी निर्वाचन कर्मियों को उत्साह से भरा। उन्होंने खुशमिजाज अंदाज में कर्मचारियों से बात की। एक बार फिर डीएम अपने दोस्ताना अंदाज में दिखाई दिये। उन्हें कहीं पोलिंग पार्टियों के साथ भोजन किया तो कहीं बैठकर उनसे बातें की। किसी के साथ खाना खाया तो किसी के साथ पानी पिया। डीएम इन्द्र विक्रम सिंह के व्यवहार से मतदान कर्मी जोश में दिखाई दिये। सबसे बड़ी बात ये थी कि जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी निर्वाचन कर्मियों को उनके दायित्व के प्रति प्रेरित किया और कहा कि पूरी ईमानदारी और कर्त्तव्यनिष्ठा से कार्य संपन्न होना है। उन्होंने मतदान कर्मियों के साथ सेल्फी भी ली और कहा कि अगर किसी को भी कोई समस्या आती है तो वह नियमानुसार समन्वय बनाते हुए समास्या का निदान करें और संबंधित अधिकारी का सहयोग लें। एक बार फिर डीएम इन्द्र विक्रम सिंह जिला निर्वाचन अधिकारी के रूप में मतदान कर्मियों के बीच छा गए।

# अधिवक्ताओं का जारी है अनिश्चितकालीन आंदोलन, आज अवकाश पर भी जिला जज का करेंगे विरोध

## 10 दिन की छुट्टी पर गए जिला जज




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** अधिवक्ताओं पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में जिला जज को हटाए जाने की मांग लगातार अधिवक्ता जारी रखे हुए हैं।

मंगलवार को अधिवक्ताओं के आंदोलन का 21वां दिन था और 21 दिन से गाजियाबाद कचहरी का कामकाज पूरी तरह से बंद चल रहा है। 20 नवंबर को गाजियाबाद विधानसभा सीट पर उपचुनाव है और उपचुनाव के चलते कचहरी की छुट्टी की घोषणा की गई है। तो वहीं जिले में भी सार्वजनिक अवकाश है लेकिन अधिवक्ताओं ने घोषणा कर दी है कि वह जिला जज का बहिष्कार और आंदोलन जारी रखेंगे। वहीं अधिवक्ताओं से मिली जानकारी के अनुसार जिला जज अनिल कुमार सिंह 10 दिन की छुट्टी पर चले गए हैं। उधर बार एसोसिएशन गाजियाबाद के अध्यक्ष दीपक शर्मा और सचिव अमित नेहरा का कहना है कि अधिवक्ता इस पूरे मामले में जब तक कार्रवाई नहीं होगी, तब तक वो धरना समाप्त नहीं करेंगे।




### 29 नवंबर के प्रदर्शन के लिए अभियान चला रहे हैं अधिवक्ता

**करंट क्राइम।** 29 नवंबर को प्रदेशभर के अधिवक्ता हाई कोर्ट में घेराव की तैयारी कर रहे हैं। इसके लिए अलग-अलग बार अध्यक्ष और बार एसोसिएशन पदाधिकारियों से संपर्क करते हुए आंदोलन में बड़ी संख्या में भीड़ जुटाने की रणनीति बनाई जा रही है। अधिवक्ता बड़ी संख्या में इलाहाबाद पहुंचे, इसके लिए वाहनों को भी लगाया जाएगा। साथ ही बार अध्यक्ष अधिवक्ताओं को लाने ले जाने का भी काम करेंगे। वहीं गाजियाबाद से भी बड़ी संख्या में हाई कोर्ट के लिए अधिवक्ता कूच करने की तैयारी कर चुके हैं।



### 21 से फिर तेज होगा वकीलों का आंदोलन

**करंट क्राइम।** बार एसोसिएशन गाजियाबाद की पदाधिकारी का कहना है कि 21 नवंबर से फिर आंदोलन को तेज किया जाएगा। इस दौरान जिला जज भले छुट्टी पर चले गए हो लेकिन उनका बहिष्कार और उन पर कार्रवाई के लिए लगातार दबाव बनाया जाएगा। वहीं बार एसोसिएशन गाजियाबाद के पदाधिकारियों ने कहा है कि जब तक जिला जज को हटाया नहीं जाता, साथ ही पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई नहीं होती और इस वकीलों को मुआवजा नहीं मिलता वह आंदोलन जारी रखेंगे।

# विधानसभा उपचुनाव : शहर सीट-56 पर 14 प्रत्याशियों के बीच होगी चुनावी टक्कर




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद शहर विधानसभा सीट-56 पर होने वाले उपचुनाव में 14 उम्मीदवार हैं। जिनके बीच चुनावी जंग हो रही। वहीं रिटर्निंग ऑफिसर डॉ. संतोष उपाध्याय ने बताया है कि विधानसभा उपचुनाव में कुल 14 उम्मीदवार हैं जिन्हें बुधवार को मतदान होगा।

### आज और 23 को मतगणा पर बंद रहेंगे ठेके




**करंट क्राइम।** गाजियाबाद विधानसभा सीट पर उपचुनाव होना है। आज 20 तारीख को वोट डाले जाएंगे। तो प्रशासन ने 18 नवंबर शाम 5 बजे से 20 नवंबर को वोटिंग खत्म होने तक यहां शराब और बीयर की दुकानें बंद रखने के आदेश दिए थे। वहीं 23 नवंबर को भी शराब के ठेके मतगणना होने के बाद ही खुलेंगे। उपचुनाव वाली सीटों पर प्रशासन वोटिंग से लेकर काउंटिंग के पुख्ता इंतजाम करने की तैयारियों में जुटा है। 23 नवंबर को मतगणना के 8 किलोमीटर एरिया में आने वाली थोक या फुटकर देशी शराब, विदेशी मदिरा, बीयर, मॉडल शॉप, भांग के थोक और फुटकर दुकानें बंद रहेंगी।

### 4,61,360 मतदाता चुनेंगे शहर विधायक



**करंट क्राइम।** शहर सीट गाजियाबाद-56 पर होने वाले उपचुनाव में कुल 4 लाख, 61 हजार, 360 मतदाता मताधिकार का प्रयोग करते हुए शहर सीट-56 के विधानसभा उपचुनाव में विधायक चुनने का काम करेंगे। जिसमें कुल 254017 पुरुष और 207314 महिलाएं मतदान करेंगी। वहीं 29 अन्य श्रेणी के वोटर्स भी शामिल हैं। इसके साथ ही 18 से 19 वर्ष के मतदाताओं की संख्या 5449 बताई गई है। इसके साथ ही 85 वर्ष से अधिक के मतदाताओं की संख्या 134 है तो सर्विस मतदाताओं की संख्या 240 बताई गई है।

### आज होगा मतदान और 23 नवंबर को आएंगे परिणाम



**करंट क्राइम।** गाजियाबाद शहर विधानसभा सीट पर मतदान आज 20 नवंबर को होगा और उपचुनाव के मतदान का परिणाम 23 नवंबर को घोषित किया जाएगा। बता दें कि शहर सीट गाजियाबाद-56 पर होने वाले उपचुनाव में कुल 4 लाख, 61 हजार, 360 मतदाता मताधिकार का प्रयोग करते हुए शहर सीट-56 के विधानसभा उपचुनाव में विधायक चुनने का काम करेंगे।

### बाजार रहेंगे बंद, आवश्यक सामान की खुलेंगी दुकानें



**करंट क्राइम।** बुधवार 20 नवंबर को गाजियाबाद विधानसभा सीट पर उपचुनाव है और उपचुनाव की आचार संहिता के चलते बाजार बंद रहेंगे। मतदान को लेकर जिलाधिकारी द्वारा का अवकाश की घोषणा की गई है। तो प्रमुख व्यापार मंडल के पदाधिकारियों को सुबह से लेकर शाम 5 तक दुकान बंद करने के नोटिस जारी किए गए हैं। वहीं आवश्यक सामग्री की दुकान खोलने का आदेश है। जिसमें मेडिकल स्टोर, दूध, सब्जी और आवश्यक सेवाएं शामिल हैं, वह दुकानें खुली रहेंगी। दुकान बंद करने का आदेश उन्हीं थानाक्षेत्रां के लिए है जहां चुनावी आचार संहिता लागू है।

| नाम | पार्टी | चुनाव चिन्ह |
|---|---|---|
| - परमानंद गर्ग | बहुजन समाज पार्टी | हाथी |
| - संजीव शर्मा | भारतीय जनता पार्टी | कमल |
| - सिंहराज जाटव | समाजवादी पार्टी | साइकिल |
| - गयादीन अहीरवार | राष्ट्रीय बहुजन कांग्रेस पार्टी | सिलाई मशीन |
| - धर्मेन्द्र सिंह | राष्ट्रवादी जनलोक पार्टी (सत्य) | चारपाई |
| - पवन | सम्राट मिहिर भोज समाज पार्टी | सोफा |
| - पूनम | हिन्दुस्थान निर्माण दल | पानी का टैंक |
| - रवि गौतम | ऑल इंडिया मजलिश-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन | पतंग |
| - रवि कुमार पांचाल | सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी (सुभास पार्टी) | अलमारी |
| - सत्यपाल चौधरी | आजाद समाज पार्टी (कांशी राम) | केतली |
| -मिथुन जायसवाल | निर्दलीय | कम्प्यूटर |
| - रूपश चन्द्र | निर्दलीय | ऑटो रिक्शा |
| - विनय कुमार शर्मा | निर्दलीय | प्रेशर कूकर |
| - शमशेर राणा | निर्दलीय | गैस सिलेन्डर |

## संपादकीय

# जहर उगलता दिल्ली–एनसीआर

देश की राजधानी होने के बावजूद दिल्ली की हवा हर अगले वर्ष जिस हालत में जा रही है, उससे साफ है कि यहां इस समस्या पर काबू पाने के सरकारी दावे सिर्फ हवा–हवाई साबित हो रहे हैं। गौरतलब है कि दिल्ली में प्रदूषण एक बार फिर इस स्थिति में पहुंच चुकी है कि यह न केवल देश के भीतर, बल्कि अंतरराष्ट्रीय चिंता का भी विषय बन गया है। गुरुवार को समूचे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की हवा और जहरीली हो गई और लोगों के लिए सांस लेना तक मुश्किल हो गया। दिल्ली के कई इलाकों में वायु गुणवत्ता सूचकांक साढ़े चार सौ के पास यानी ह्यगंभीरह्ण श्रेणी में दर्ज किया गया। स्थिति की गंभीरता का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि अजरबैजान के बाकू में चल रहे जलवायु सम्मेलन में भी दिल्ली के प्रदूषण के मसले पर विशेषज्ञों ने चिंता जाहिर की। यह स्थिति तब है, जब इस मौसम में यानी ठंड की आहट के साथ ही दिल्ली के ज्यादातर लोगों को हर वर्ष धुंध, धुएं की चादर और हवा में विषाक्त तत्वों के घुलने की वजह से बहुस्तरीय मुश्किलों का सामना करना पड़ता है।

पिछले कई वर्षों से दिल्ली में लगातार यही तस्वीर बनी हुई है कि दिवाली और ठंड की आहट के साथ ही प्रदूषण इस कदर बढ़ने लगता है कि कई स्तरों पर आम जनजीवन तक बाधित होने लगता है। एक ओर वायुमंडल के घनीभूत होने की वजह से हवा ऊपर नहीं उठ पाती, दूसरी ओर ज्यादातर लोगों को अपने रोजमर्रा के कामों में से वैसे काम कम से कम कुछ दिन रोक देना जरूरी नहीं लगता, जिसकी वजह से हवा में प्रदूषण तत्त्व घुल जाते हैं। हालांकि इसका खमियाजा उन्हें ही उठाना पड़ता है। अब एक बार फिर हालत हो चली है कि दिल्ली में सरकार को ह्यग्रैप 3ह्ण स्तर की पाबंदियां लगानी पड़ी है। इसके तहत कई स्तर पर निर्माण कार्यों पर रोक के साथ–साथ वैसे वाहनों को यहां चलने की इजाजत नहीं दी जाएगी, जिनसे प्रदूषण की समस्या गहराने की आशंका हो।


पांचवी कक्षा तक के बच्चों के लिए फिलहाल स्कूल भी बंद कर दिए गए हैं, हालांकि उनकी आनलाइन पढ़ाई जारी रहेगी। सवाल है कि जब हर वर्ष इन महीनों के दौरान दिल्ली में यह स्थिति पैदा हो जाती है तब सरकार को समय रहते पहले से ऐसे इंतजाम करना जरूरी क्यों नहीं लगता, जिससे अचानक ही आपात स्थिति की तरह प्रदूषण की रोकथाम के उपाय करने या विशेष नियम लागू करने की जरूरत पड़ जाती है। आखिर कृत्रिम वर्षा तक की जरूरत बताने की नौबत क्यों आती है? यह समस्या बढ़ कर अब संकट की शक्ल ले चुकी है, मगर सरकार को अब भी दिल्ली की हवा में जहर घुलने के कारकों की ठीक–ठीक पहचान करना और उस पर काबू पाने के लिए पूर्व–इंतजाम करना जरूरी नहीं लगता है। बहुत सारे लोगों के बीच सुविधाओं के इस्तेमाल को लेकर जितनी सक्रियता दिखती है, उतनी ही संवेदनशीलता स्वास्थ्य को दुरुस्त रखने के लिए प्रदूषण पर काबू रखने में अपनी सहभागिता को लेकर नहीं दिखाई देती। पराली जलाने और निर्माण कार्य जैसी गतिविधियों को कुछ समय के लिए अपनी ओर से टाला जा सकता है। निजी वाहनों और कार्बन पैदा करने वाली अन्य सुविधाओं का इस्तेमाल सीमित किया जा सकता है। हालांकि अगर अगले कुछ दिनों में हवा चली तो प्रदूषण में कमी आ सकती है, लेकिन समय रहते इस संकट से निपटने को लेकर ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाले वक्त में कई तरह की जटिल स्वास्थ्य समस्याएं खड़ी हो सकती हैं।

# अगले दो से तीन वर्ष में आ सकता है अदाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स का आईपीओ : रिपोर्ट




**नई दिल्ली।** अदाणी ग्रुप की एयरपोर्ट इकाई अदाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड (एएएचएल) का आईपीओ अगले दो से तीन वर्ष में आ सकता है। अदाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड (एएएचएल) के निदेशक जीत अदाणी ने एक मीडिया रिपोर्ट में कहा कि कंपनी का आईपीओ लाने से पहले वह तीन चीजों पर ध्यान केंद्रित करना चाहते हैं। पहला- नवी मुंबई का कमर्शियलाइजेशन और स्टैबलाइजेशन, जो कि अगले साल से शुरू हो जाएगा। दूसरा- एयरपोर्ट के आसपास सिटी साइड डेवपलमेंट, जिसे 2028-29 में शुरू किया जाएगा। तीसरा- नॉन एयरो रेवेन्यू ग्रोथ है। जब से हमने बिजनेस शुरू किया है, तब से यह तीन गुना हो चुका है और आगे चलकर आय का एक बड़ा स्रोत होने वाला है। इंटरव्यू में जीत अदाणी ने आगे कहा कि एक बार यह तीनों चीजें हो जाएं, तो एएएचएल का एबिटा जो कि मौजूदा समय में 300 मिलियन डॉलर के करीब है बढ़कर 1 से 1.5 बिलियन डॉलर हो जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि ऐसा जरूरी नहीं है कि ये तीन चीजें होने पर ही हम अपने कारोबार को लिस्ट कराएंगे। अगर इसमें से एक या दो भी चीज हो जाती है तो अपने निवेशकों के सामने अपना बिजनेस प्लान प्रदर्शित कर सकेंगे। साथ ही जब एबिटा 1 बिलियन डॉलर पर होगा तो हम अपने बिजनेस को लिस्ट कराने में सहज होंगे। ऐसा होने में कम से कम 2 से 3 वर्ष का समय लगेगा। जीत अदाणी ने आगे कहा कि भारत में एयरलाइनों के बीच कंसोलिडेशन का सकारात्मक पक्ष यह है कि एयर इंडिया जैसी मजबूत एयरलाइन कंपनियां हैं, जो अब टाटा समूह द्वारा समर्थित हैं, यह सुनिश्चित करता है कि भारत की छोटी दूरी और लंबी दूरी दोनों मार्गों पर मजबूत उपस्थिति है। साथ ही सिंगापुर, दोहा, दुबई और अबू धाबी जैसे वैश्विक केंद्रों के कारण भारत ने अंतरराष्ट्रीय ट्रैफिक में अपनी हिस्सेदारी को खोया है। एयर इंडिया के वापस आने से हम खोई बाजार हिस्सेदारी को दोबारा प्राप्त कर सकते हैं।

## सड़क, रेलवे और पोर्ट में सरकारी निवेश से घरेलू इंडस्ट्री बन रही प्रतिस्पर्धी: सीआईआई



**नई दिल्ली।** इंडस्ट्री चैम्बर कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई) द्वारा कहा गया कि इन्फ्रास्ट्रक्चर जैसे सड़क, रेलवे और पोर्ट में सरकारी निवेश बढ़ने से घरेलू इंडस्ट्री अधिक प्रतिस्पर्धी बन रही हैं। सीआईआई के डायरेक्टर जनरल, चंद्रजीत बनर्जी द्वारा केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल को लिखे पत्र में कहा कि सरकार की पहल जैसे मेक–इन–इंडिया और कई सेक्टरों के लिए लाई गई प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) स्कीम से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) को आकर्षित करने में मदद मिली है। इस पत्र में आगे कहा गया कि भारत की ओर से नीतिगत बदलाव ठीक ऐसे समय पर किया गया है कि जब भू–राजनीतिक परिस्थितियां भारत के पक्ष में आ गई हैं। कई वैश्विक कंपनियां अपने विस्तार के लिए भारत की ओर देख रही हैं। पत्र के मुताबिक भारत में एफडीआई प्रवाह 2014–15 में 45.14 अरब डॉलर से बढ़कर 2023–24 में 70.95 अरब डॉलर हो गया है, जो भारत में आधार स्थापित करने के लिए विदेशी निवेशकों की बढ़ती रुचि को दशार्ता है। इसमें कहा गया है कि पीएलआई योजनाओं ने भारी निवेश आकर्षित किया है। मैन्युफैक्चरिंग बढ़ाने के लिए शुरू की गई पीएलआई योजना जैसी नीतियों ने इलेक्ट्रॉनिक्स सहित 14 प्रमुख क्षेत्रों में 1.97 लाख करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित किया है।

# रूस-यूक्रेन तनाव के बीच शेयर बाजार में उथल-पुथल

## बिकवाली के चलते सेंसेक्स ने गंवाई शानदार बढ़त

**मुंबई।** यूक्रेन और रूस के बीच ताजा तनाव के चलते मंगलवार को जबरदस्त तेजी देखने के बाद भारतीय शेयर बाजार ने अंत में भारी मुनाफावसूली के चलते अपनी शानदार बढ़त खो दी। इंट्रा-डे ट्रेडिंग के दौरान 1,100 से अधिक अंकों की बढ़त के बाद सेंसेक्स पर ब्रेक लगा और यह 239 अंकों की बढ़त के साथ बंद हुआ। यह उलटफेर तब हुआ जब यूक्रेन के सशस्त्र बलों के रूसी सीमा क्षेत्र पर अपना पहला एटीएसीएमएस मिसाइल हमला करने की खबरें सामने आईं, जिसके बाद क्रेमलिन ने गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी। मीडिया सेक्टर में भारी खरीदारी देखने को मिली। निफ्टी मीडिया में 2.45 फीसदी की बढ़त दर्ज की गई। सेंसेक्स 239.37 अंक या 0.31 प्रतिशत की बढ़त के साथ 77,578.38 और



निफ्टी 64.70 अंक या 0.28 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,518.50 पर बंद हुआ। निफ्टी बैंक 262.70 अंक या 0.52 प्रतिशत बढ़कर 50,626.50 पर पहुंच गया। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 503.45 अंक या 0.93 प्रतिशत की बढ़त के साथ कारोबार के अंत में 54,548.25 पर बंद हुआ। निफ्टी स्मॉल कैप 100 इंडेक्स 170.10 अंक या 0.97 प्रतिशत की बढ़त के साथ 17,677.35 पर बंद हुआ। निफ्टी मीडिया के अलावा ऑटो, आईटी, फार्मा, एफएमसीजी, रियल्टी और निजी बैंक सेक्टर में खरीदारी देखने को मिली। सेंसेक्स में एमएंडएम, एचडीएफसी बैंक, टेक महिंद्रा, टाइटन, टाटा मोटर्स, सन फार्मा, अल्ट्रा टेक सीमेंट, अदाणी पोर्ट्स, पावर ग्रिड, इंफोसिस, एक्सिस बैंक और टीसीएस टॉप गेनर्स रहे।

वहीं, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एसबीआई, टाटा स्टील, बजाज फिनसर्व, मारुति और एलएंडटी टॉप लूजर्स रहे। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) में 2,326 शेयर हरे निशान और 1,637 शेयर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। 96 शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ। इंडिया वीआईएक्स 3.26 प्रतिशत बढ़कर 15.66 पर पहुंच गया, जो बाजार में अस्थिरता में वृद्धि को दशार्ता है। एलकेपी सिक्योरिटीज के जतिन त्रिवेदी ने कहा, ₹रूस और यूक्रेन के बीच भू-राजनीतिक तनाव में अचानक वृद्धि के कारण निफ्टी पूरे सत्र में अस्थिर रहा, जिससे सूचकांक एक बार फिर अपने 200-दिवसीय मूविंग एवरेज (डीएमए) से नीचे आ गया। विशेषज्ञों का कहना है कि बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और रूस-यूक्रेन के बीच युद्ध के फिर से तेज होने के कारण बाजार में बिकवाली की स्थिति है। इसके साथ ही रुपये पर दबाव बढ़ गया है। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने 18 नवंबर को 1,403 करोड़ रुपये के शेयर बेचे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 2,330 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

## रोचक तथ्यों का करंट

- गंभीर अवसाद कोशिकाओं में बुढ़ापे की प्रक्रिया को बढ़ाकर हमें जैविक रूप से अधिक उम्र का बना सकता है।
- अवसाद के लगभग 80% पीड़ित उपचार प्राप्त नहीं कर रहे हैं।
- हास्य कलाकारों और हास्यास्पद लोगों पर किए गए शोध से पता चला है कि वे आमतौर पर औसत से अधिक उदास हैं।
- एक बार जब लोग मध्य जीवन को प्रभावित करते हैं, तो टेस्टोस्टेरोन की कमी के कारण उन्हें अवसाद का खतरा बढ़ सकता है।
- दुनियाभर में सभी उम्र के 350 मिलियन लोग अवसाद से ग्रस्त हैं।
- मादक द्रव्यों के सेवन संबंधी समस्याओं के लगभग 30% लोग भी अवसाद से पीड़ित हैं।
- पुरुषों की तुलना में महिलाओं में लगभग दो गुणा अधिक होने की वजह से प्रमुख अवसाद से पीड़ित हैं।
- जिन लोगों में से 15% अवसाद से ग्रस्त होते हैं, वे हर साल अपनी जान लेते हैं।

# भारत में घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या 5 लाख के पार



**नई दिल्ली।** पिछले रविवार को एक ही दिन में 505,412 घरेलू हवाई यात्रियों ने उड़ान भरी। यह उपलब्धि भारतीय विमानन उद्योग के लिए ऐतिहासिक मील का पत्थर है। पहली बार हवाई यात्रियों की संख्या पांच लाख के पार गया है। यह आंकड़ा भारतीय विमानन उद्योग में मजबूत वृद्धि और हवाई यात्रा की बढ़ती मांग का प्रतीक है।

नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने हवाई यातायात की उपलब्धि की घोषणा करते हुए एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ₹भारत का विमानन क्षेत्र पहले से कहीं अधिक तेजी से आगे बढ़ रहा है, सपनों और गंतव्यों को सहजता से जोड़ रहा है।₹ नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू किंजरापु ने एक्स पर कहा कि यह सस्ती, सहज और सुलभ हवाई यात्रा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। मंत्री ने इस सफलता का श्रेय क्षेत्रीय संपर्क योजना (यूडीएएन), हवाई अड्डों के आधुनिकीकरण और डिजिटल तकनीकों को अपनाने को दिया, जिससे लाखों लोगों के लिए उड़ान भरना एक वास्तविकता बन गई है। अप्रैल 2017 में शुरू की गई उड़ान योजना का उद्देश्य कम सेवा वाले क्षेत्रों में हवाई मार्गों को बेहतर बनाना है। भारत के विमानन उद्योग में पिछले दशक में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और देश में परिचालन वाले हवाई अड्डों की संख्या तब से दोगुनी हो गई है। मंत्री ने कहा, नागरिक उड्डयन मंत्रालय मंत्रालय, मेरे नेतृत्व में, उड़ान की सुगमता सुनिश्चित करने के लिए समर्पित है। उन्होंने कहा कि हवाई यात्रा सस्ती, निर्बाध

## राशिफल

**मेष:** शारीरिक लाभ के लिए, खासकर मानसिक मजबूती के लिए ध्यान और योग का आश्रय लें। घर के वातावरण के कारण आप उदास हो सकते हैं।

**वृष:** आज का दिन आपके लिए बहुत ही शानदार रहेगा। लोगों का विश्वास आप पर बना रहेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन अनुकूल है।

**मिथुन:** आज भाग्य खुल सकता है और सूर्यदेव की कृपा से झोली खुशियों से भरी हो सकती है। सामाजिक और धार्मिक कार्यों के लिए यह एक उत्कृष्ट दिन है।

**कर्क:** सेहत से जुड़ी परेशानी परेशानी का सबब बन सकती है। जो निवेश योजनाएं आकर्षित कर रही हैं, उनके बारे में गहराई से जानने की कोशिश करें।

**सिंह:** आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहेगा। इस राशि के लवमेट्स के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा। आप जरूरतमंद मित्रों की ओर मदद का हाथ बढ़ाएंगे।

**कन्या:** आप संतान और परिवार को पूरा समय देंगे। प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिलेगी। आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। अपनों की उम्मीदों पर खरा उतरेंगे।

**तुला:** जो आर्थिक लाभ आज मिलने वाले थे टल सकते हैं। तनाव की अवधि बरकरार रहेगी, परिवार का सहयोग मिलेगा। वातावरण में प्रेम मिला हुआ है।

**वृश्चिक:** कम मेहनत में अधिक लाभ होगा। समाज में मान बढ़ेगा। रुका हुआ महत्वपूर्ण कार्य पूरा हो सकता है। जीवनसाथी के साथ रोमांटिक प्रोग्राम बन सकता है।

**धनु:** आज नए क्षेत्रों में अपनी किस्मत आजमाने का अवसर मिलेगा। नया कारोबार शुरू करने में आ रही दिक्कतें आज खत्म होंगी।

**मकर:** निवेश सोच–समझकर करें बेवजह के नुकसान से बचने के लिए सलाह लेने में न हिचकिचाएं। पारिवारिक कार्यों और महत्वपूर्ण अवसरों के लिए अच्छा दिन है।

**कुंभ:** आज आप ऊर्जा से भरपूर महसूस करेंगे। आप जो भी काम करेंगे वह समय से पहले पूरा हो जाएगा। आज आप अपने अनुभव का इस्तेमाल सही दिशा में करेंगे।

**मीन:** आज कार्यक्षेत्र में आपको उतार–चढ़ाव का सामना करना पड़ सकता है। नौकरीपेशा जातकों के लिए पदोन्नति की संभावना है।

## चुटकुले

2 बच्चों की मां तीसरी शादी कर रही थी,
फेरों के टाइम एक बच्चा रोने लगा
मां का जवाब सुनकर दूल्हा बेहोश हो गया
मां बोली चुप हो जा नहीं तो अगली बार नहीं लाऊंगी...

---

डॉक्टर– जब तुम तनाव में होते हो क्या करते हो?
सोनू– जी, मंदिर चला जाता हूं...
डॉक्टर– बहुत बढ़िया, ध्यान–व्यान लगाते हो वहां?
सोनू– जी नहीं, लोगों जूते चप्पल मिक्स कर देता हूं,
फिर उन लोगों को देखता रहता हूं...
उनको तनाव में देख कर मेरा तनाव दूर हो जाता है...

---

पिंटू– पता है, पत्नी पेपरवेट की तरह होती है...
चिंटू– वो कैसे?
पिंटू– पति को फड़फड़ाने तो देती है
लेकिन उड़ने नहीं देती!




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया–पाया, संबंध–विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के–2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ–23, सैक्टर–6, नोएडा–201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी–2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली–110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# 'खो खो' विश्व कप से भारतीय खेलों को वैश्विक स्तर पर पहचान मिलेगी



**नई दिल्ली।** भारत के माटी के खेल, 'खो खो' का पहली बार विश्व कप होने जा रहा है। 'खो खो' फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित और भारतीय युवा मामले और खेल मंत्रालय द्वारा समर्थित इस टूनामेंट का उद्देश्य देसी खेल 'खो खो' को वैश्विक मंच पर लाना है। 'खो खो' विश्व कप 13 से 19 जनवरी को नई दिल्ली में आयोजित किया जा रहा है। महाभारत कालीन के इस खेल को आज दुनिया के पटल पर लाने की जोरदार कोशिश की जा रहा है।

## 13 से 19 जनवरी 2025 तक नई दिल्ली में होगा टूनामेंट

भारत सरकार कई स्वदेशी खेलों को बढ़ावा दे रही है और 2025 में 'खो खो' विश्व कप के उद्घाटन संस्करण की मेजबानी करना उसी दिशा में एक कदम है। भारत के प्राचीनतम खेलों में से एक 'खो खो' के इस विश्व कप का उद्घाटन संस्करण का आयोजन 13 से 19 जनवरी 2025 के बीच नई दिल्ली में होगा। इस समय 'खो खो' विश्व के सभी महाद्वीपों 54 देशों में खेला जा रहा है तथा 2025 के अंत तक 'खो खो' दुनिया भर के 90 देशों में अपनी उपस्थिति रजिस्टर कर लेगा।

वर्ल्ड कप के मुख्य मुकाबलों के लिए 16 टीमों को चार वर्गों में बांटा जाएगा तथा प्रतेयक ग्रुप के मैच लीग फॉर्मेट में खेले जाएंगे। प्रत्येक ग्रुप की 2 टीमों को नॉक आउट स्टेज के माध्यम से खिलाया जाएगा। इस वर्ल्ड कप के सफल आयोजन के लिए इंटरनेशनल 'खो खो' फेडरेशन के अध्यक्ष की अध्यक्षता में एक सात सदस्यीय आयोजन समिति का गठन किया गया है, जिसमें एशियन 'खो खो' फेडरेशन के प्रेजिडेंट और 'खो खो' फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव को सह चेयरमैन तथा आयोजन समिति के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को सदस्य सचिव मनोनीत किया गया है।

### टूनामेंट में 24 देश लेंगे हिस्सा

इस विश्व कप में इंग्लैंड, जर्मनी, हॉलैंड और संयुक्त राज्य अमेरिका समेत छह महाद्वीपों के 24 देश भाग लेंगे, जिनमें 16 पुरुष और 16 महिला टीमें शामिल होंगी, जबकि कुछ देश ऑब्जरवेशन डेलिगेट भेजेंगे। प्रत्येक 'खो खो' टीम में 18 सदस्य होंगे जिसमे 15 खिलाड़ी, 01 कोच, 01 मैनेजर और 01 सपोर्ट स्टाफ का सदस्य होगा। इसमें भाग लेने बाली टीमें इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आगामी आठ जनवरी से प्रैक्टिस सेशन में भाग ले सकेंगी तथा पूरे परिसर में पीले और हरे रंग की कुल 1200 प्रैक्टिस मैट्स बिछाई जाएंगी। इस चैंपियनशिप में अफ्रीकी महाद्वीप से घाना, केन्या, दक्षिण अफ्रीका और युगांडा अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। एशिया का प्रतिनिधित्व मेजबान भारत के साथ दक्षिण कोरिया, पाकिस्तान, श्रीलंका, भूटान, बांग्लादेश, नेपाल, इंडोनेशिया, ईरान और मलयेशिया करेंगे। यूरोप से जर्मनी, नीदरलैंड पोलैंड और इंग्लैंड प्रतिभागी होंगे, जबकि उत्तरी अमेरिका का प्रतिनिधित्व अमेरिका और कनाडा करेंगे। दक्षिण अमेरिका महाद्वीप से पेरू और ब्राजील की टीमें होंगी, जबकि न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया ओशिनिया की टीमें होंगी। पुरुष वर्ग में अफ्रीका महाद्वीप से घाना, केन्या और दक्षिण अफ्रीका भाग लेंगे। एशिया महाद्वीप से मेजबान भारत, बांग्लादेश, इंडोनेशिया, मलयेशिया, नेपाल, पाकिस्तान और दक्षिण कोरिया भाग लेंगे। यूरोप से नीदरलैंड और इंग्लैंड भाग लेंगे। नॉर्थ अमेरिका से अमेरिका और कनाडा के अलाबा साउथ अमेरिका से ब्राजील के अतिरिकत ऑस्ट्रेलिया की 16 टीमें भाग लेंगी। महिला वर्ग में अफ्रीका महाद्वीप से केन्या, साउथ अफ्रीका और युगांडा भाग लेंगे। एशिया महाद्वीप से भारत, भूटान, ईरान, मलयेशिया, नेपाल, पाकिस्तान, साउथ कोरिया और श्रीलंका भाग लेंगे। यूरोप से इंग्लैंड, जर्मनी और पोलैंड भाग लेंगे। पेरू देश साउथ अमेरिका का प्रतिनिधित्व करेगा तथा इसके अतिरिकत न्यूजीलैंड की महिला टीम भी भाग लेगी। पड़ोसी देश पाकिस्तान महिला और पुरुष दोनों वर्गों में हिस्सेदारी लेगा जिससे यह वर्ल्ड कप ज्यादा रोमांचिक हो जाएगा।

# वनडे वर्ल्ड कप 2027 तक भारत के परमानेंट ओडीआई कप्तान का हुआ ऐलान

## कोच गंभीर ने अपने चहेते को सौंपी जिम्मेदारी



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम ने रोहित शर्मा की कप्तानी में वर्ल्ड कप 2023 में बेहद ही शानदार प्रदर्शन दिखाया था। हालांकि उसे फाइनल मुकाबले में ऑस्ट्रेलियन टीम के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। उसके बाद से ही टीम में कई बदलाव हुए हैं और इसी कड़ी में अब वनडे वर्ल्ड कप 2027 के लिए भारत के परमानेंट कप्तान के ऐलान की खबरें आने लगी हैं। तो आइए जानते हैं कि आखिर भारत के परमानेंट वनडे कप्तान कौन होने वाले हैं।

### ओडीआई वर्ल्ड कप 2024 में यह खिलाड़ी कर सकता है कप्तानी

मीडिया रिपोर्ट्स में मिली जानकारी के अनुसार भारतीय क्रिकेट टीम के मौजूदा हेड कोच गौतम गंभीर ने रोहित शर्मा को ही भारत के परमानेंट वनडे कप्तान बनाए रखने की मांग की है। खबरों की मानें तो रोहित शर्मा की दमदार कप्तानी की वजह से गंभीर ने बीसीसीआई को रोहित को कप्तान बनाए रखने को कहा है।

मालूम हो कि रोहित की अगुवाई में टीम इंडिया वर्ल्ड कप 2023 में आग लगाने के बाद टी20 वर्ल्ड कप 2024 की ट्रॉफी पर भी कब्जा जमा कर आ रही है। ऐसे में काफी आसार हैं कि टीम को वर्ल्ड कप 2027 में टीम इंडिया को लीड करने की जिम्मेदारी वही संभाल सकते हैं। लेकिन कुछ समय पहले तक खबर आ रही थी कि रोहित चैंपियंस ट्रॉफी के बाद संन्यास का ऐलान कर सकते हैं।

### संन्यास का ऐलान कर सकते थे रोहित शर्मा

बता दें कि बीते कुछ समय तक खबरें आ रही थी कि रोहित शर्मा चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के बाद वनडे फॉर्मेट से संन्यास का ऐलान कर सकते हैं। लेकिन अब खबर आ रही है कि वह संन्यास का ऐलान नहीं करेंगे। चूंकि मैनेजमेन्ट उन्हें वर्ल्ड कप 2027 तक भारत का परमानेंट वनडे कप्तान बना रही है। खबरों की मानें तो रोहित को 2027 तक के लिए वनडे का परमानेंट कप्तान जबकि शुभमन गिल को उपकप्तान बनाया जा रहा है।

# खराब फॉर्म से जूझ रही शेफाली वर्मा



**नई दिल्ली।** खराब फॉर्म से जूझ रही शीर्षक्रम की बल्लेबाज शेफाली वर्मा को दिसंबर में आस्ट्रेलिया में तीन मैचों की वनडे श्रृंखला के लिये भारत की 16 सदस्यीय टीम में जगह नहीं मिली है। बीस वर्ष की शेफाली ने इस साल छह मैचों में सिर्फ 108 रन बनाये और उनका सर्वोच्च स्कोर 33 रन रहा है। उन्हें पिछले साल दिसंबर में आस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू व नडे श्रृंखला के दौरान बीच में ही बाहर कर दिया गया था लेकिन उन्होंने इस साल जून में बेंगलुरू में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वापसी की।

शेफाली ने जुलाई 2022 में श्रीलंका के खिलाफ नाबाद 71 रन बनाने के बाद से वनडे अर्धशतक नहीं लगाया है। पिछले महीने न्यूजीलैंड को अहमदाबाद में 2 . 1 से हराने वाली टीम में शामिल रही उमा छेत्री, डी हेमलता, श्रेयांका पाटिल और सायली सतघारे को भी टीम में जगह नहीं मिली है। वहीं हरलीन देयोल, रिचा घोष, मिन्नू मनी , टिटास साधू और प्रिया पूनिया की वापसी हुई है। पहला वनडे ब्रिसबेन में पांच दिसंबर को और दूसरा आठ दिसंबर को खेला जायेगा जबकि तीसरा मैच पर्थ में 11 दिसंबर को होगा।

# अजेय भारतीय महिला हॉकी टीम की आज अग्निपरीक्षा

## एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी में जापान से मुकाबला

**नई दिल्ली।** बिहार के राजगीर में चल रही महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय महिला हॉकी टीम आज एक महत्वपूर्ण मुकाबले में उतरेगी। सेमीफाइनल में टीम इंडिया का सामना जापान से होगा। यह मुकाबला काफी रोमांचक होने की उम्मीद है, क्योंकि दोनों टीमें अब तक टूनामेंट में शानदार प्रदर्शन कर रही हैं। बिहार वुमेन्स एशियन चैंपियनशिप ट्रॉफी 2024 के पहले सेमीफाइनल में चाइना ने मलेशिया को 3-1 से दी मात देकर फाइनल में पहुंच गया।



### अजेय रही भारतीय टीम

भारतीय महिला हॉकी टीम ने अब तक टूनामेंट में सभी मैच जीते हैं। टीम ने मलेशिया, कोरिया, थाईलैंड,चीन और जापान को हराकर अपना दबदबा कायम किया है। टीम की कप्तान सलीमा टेटे और स्ट्राइकर दीपिका ने शानदार प्रदर्शन किया है। भारतीय टीम के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह का मानना है कि टीम पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने कहा कि हमारी टीम आक्रमण और रक्षण के संतुलन पर विशेष ध्यान दे रही है। हम जापान के खिलाफ एक कड़े मुकाबले की उम्मीद कर रहे हैं, लेकिन हम अपनी जीत के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। भारतीय टीम के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह का कहना है कि भारतीय टीम की ताकत उसकी विविधता में है। बैकलाइन, मिडफील्ड और फॉरवर्ड लाइन में सभी खिलाड़ी बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे हैं। दीपिका के अलावा, उदिता, सुशीला चानू और वैष्णवी विट्ठल फॉल्के भी टीम की अहम खिलाड़ी हैं। वहीं कप्तान सलीमा टेटे ने कहा कि ?ग्रुप चरण में हमने जापान को हराया था, लेकिन सेमीफाइनल एक अलग मुकाबला होगा। हम अपनी रणनीति और टीम की ताकत पर भरोसा करते हैं।

### आज के अन्य मुकाबले

आज दो सेमीफाइनल मुकाबले खेले जाएंगे। पहला मुकाबला चीन और मलेशिया के बीच होगा, जबकि दूसरा मुकाबला इंडिया और जापान के बीच खेला जाएगा। पांचवें और छठे पायदान के लिए कोरिया और थाईलैंड के बीच भी मुकाबला होगा। इस महत्वपूर्ण मुकाबले में जीत भारत को फाइनल में पहुंचा सकती है, जहां उनका सामना चीन या मलेशिया से हो सकता है। भारतीय टीम की नजर न केवल टूनामेंट जीतने पर है, बल्कि अपने प्रदर्शन से एशियाई हॉकी में अपनी स्थिति को और मजबूत करने पर भी है। भारत ने अबतक 26 गोल किए हैं।

# आईपीएल के इतिहास में नीलामी में उतरने वाले चार सबसे युवा खिलाड़ी



**नई दिल्ली।** आईपीएल मेगा-नीलामी सऊदी अरब के जेद्दा में 24 और 25 नवंबर को होने वाली है। नीलामी में युवा और अनुभवी दोनों का अच्छा मिश्रण देखने को मिलेगा। कई फ्रेंचाइजी ने तो अभी से ही उन युवा खिलाड़ियों कि लिस्ट बना ली होगी, जिन्हें वह ऑक्शन में खरीदना चाहते होंगे। आईपीएल ऐतिहासिक रूप से एक ऐसा मंच रहा है जहां युवाओं को भर-भर के अवसर मिलते हैं। नीलामी में कुछ युवाओं की किस्मत चमक जाती है तो कुछ अपनी मेहनत से नाम कमाते हैं। हार्दिक पांड्या, रविचंद्रन अश्विन, रिंकू सिंह जैसे खिलाड़ी इसका सटीक उदाहरण हैं। इस टूनामेंट से युवा खिलाड़ियों ने न सिर्फ अपनी फ्रेंचाइजी, बल्कि अपने देश के लिए बड़ी ऊंचाइयां हासिल की हैं।

आगामी नीलामी युवा क्रिकेटरों के लिए दुनिया की सबसे कठिन लीग में से एक में खुद को साबित करने का एक और अवसर है। ऑक्शन पूल में कुल 574 खिलाड़ियों में 318 अनकैप्ड भारतीय और 12 विदेशी अनकैप्ड विदेशी खिलाड़ी शामिल हैं। शॉर्टलिस्ट किए गए खिलाड़ियों में 366 भारतीय और 208 विदेशी खिलाड़ी हैं। यह नीलामी कई युवाओं के लिए महत्वपूर्ण हो सकती है क्योंकि इसमें 204 स्थान उपलब्ध हैं जिनमें 70 स्थान विदेशी खिलाड़ियों के लिए उपलब्ध हैं।

### मुजीब उर रहमान (2018) - 16 साल और 296 दिन

अफगानिस्तान के रहस्यमयी स्पिनर मुजीब उर रहमान ने 2018 में 16 साल और 296 दिन की उम्र में आईपीएल नीलामी में सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बनकर इतिहास रच दिया था। शॉर्टलिस्ट होने के बाद उन्हें पंजाब किंग्स (तब किंग्स इलेवन पंजाब) ने चार करोड़ रुपये में चुना था। उनका ब्रेकआउट सीजन उसी वर्ष आया जब उन्होंने 11 मैचों में सात रन प्रति ओवर से कम की इकोनॉमी रेट के साथ 14 विकेट लिए। उसी साल उन्होंने भारत के खिलाफ अपने ऐतिहासिक पहले टेस्ट मैच में अफगानिस्तान का प्रतिनिधित्व करके एक और उपलब्धि हासिल की थी। उन्हें पंजाब फ्रेंचाइजी ने अगले दो सत्रों के लिए बरकरार रखा था, लेकिन सात मैचों में सिर्फ तीन विकेट के साथ उनका अभियान निराशाजनक रहा। इसके बाद वह सनराइजर्स हैदराबाद चले गए, लेकिन वहां वह सिर्फ एक मैच में खेले और दो विकेट लिए। इस बार फिर से वह नीलामी में हैं।

### अल्लाह गजानफर (2023) - 15 वर्ष और 161 दिन:

अल्लाह गजानफर इस सूची का हिस्सा बनने वाले एक और अफगानी खिलाड़ी हैं। आईपीएल 2023 के दौरान गजानफर अफगानिस्तान के लिए एक युवा प्रतिभा था। सिर्फ 15 साल और 161 दिनों की उम्र में उन्होंने 2023 आईपीएल नीलामी में प्रवेश करके सुर्खियां बटोरीं थीं। हालांकि, उस समय वह अनसोल्ड हो गए थे। उनकी किस्मत तब बदल गई जब वह 2024 में कोलकाता नाइट राइडर्स में मुजीब-उर रहमान के रिप्लेसमेंट के रूप में शामिल हुए। इसके अलावा मुंबई इंडियंस (एमआई) पिछले सीजन से पहले उन्हें नेट गेंदबाज के रूप में साइन किया था, लेकिन वीजा कारणों से वह नहीं आ सके थे। शारजाह में बांग्लादेश के खिलाफ हाल ही में एक मैच के दौरान उन्होंने 26 रन देकर छह विकेट लिए थे। उनके स्पेल से बांग्लादेश ने सिर्फ 11 रन पर सात विकेट खो दिए थे गजानफर ने एक नया रिकॉर्ड स्थापित किया था। पहले से ही आठ वनडे मैचों में अफगानिस्तान का प्रतिनिधित्व करने के बाद गजानफर ने इमर्जिंग एशिया कप 2024 में भी शानदार प्रदर्शन किया था।

### वैभव सूर्यवंशी (2025) - 13 वर्ष 242 दिन:



बिहार के वैभव सूर्यवंशी ने सिर्फ 13 साल और 242 दिनों की उम्र में आईपीएल नीलामी के लिए शॉर्टलिस्ट किए गए सबसे कम उम्र के खिलाड़ी के रूप में इतिहास रच दिया है। अनकैप्ड बल्लेबाज श्रेणी (वइअ9) में 491 वें स्थान पर सूचीबद्ध इस बाएं हाथ के बल्लेबाजी ने बहुत कम उम्र में ही अपने बल्ले से शानदार प्रदर्शन किया है। जनवरी 2024 में बिहार के लिए प्रथम श्रेणी में डेब्यू करने के बाद, सूर्यवंशी ने सितंबर भारत व19 बनाम ऑस्ट्रेलिया व19 यूथ टेस्ट सीरीज के दौरान एक शानदार शतक के साथ सभी का ध्यान आकर्षित किया था। सूर्यवंशी आगामी अंडर-19 एशिया कप में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं और संभावना है कि टीमें भविष्य की संभावना के रूप में मेरे लिए बोली लगा सकती हैं।

### प्रयास रे बर्मन (2019) - 16 साल 54 दिन



बंगाल में जन्मे प्रयास रे बर्मन 2019 आईपीएल नीलामी में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु द्वारा 1.5 करोड़ रुपये की बोली लगाने के बाद एक युवा सनसनी बन गए थे। वह 16 साल और 54 दिन की उम्र में आईपीएल अनुबंध अर्जित करने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ियों में से एक बन गए। उनका डेब्यू 31 मार्च, 2019 को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ हुआ, जिससे वह आईपीएल इतिहास में सबसे कम उम्र के डेब्यूटेंट बन गए। हालांकि, उन्होंने अपने चार ओवरों में बिना विकेट लिए 56 रन दिए। बल्ले के साथ, उन्होंने तेजी से 19 रन बनाए और यह एकमात्र आईपीएल मैच है जिसमें उन्होंने भाग लिया है। दुर्भाग्य से उन्हें 2020 सीजन से पहले आरसीबी द्वारा रिलीज कर दिया गया था और तब से आईपीएल में वापसी नहीं की है। बंगाल के साथ उनका घरेलू करियर भी बहुत अच्छा नहीं रहा है।

# भारतीय टीम ने दृष्टिबाधित टी20 विश्व कप से नाम वापस लिया, सरकार ने पाकिस्तान जाने की नहीं दी मंजूरी



**नई दिल्ली।** भारतीय टीम ने दृष्टिबाधित टी20 विश्व कप से नाम वापस ले लिया है। विदेश मंत्रालय ने इस टूनामेंट के लिए पाकिस्तान की यात्रा करने की मंजूरी नहीं दी है। दृष्टिबाधित टीम को इसके लिए खेल मंत्रालय से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) मिल गई थी, लेकिन वह सरकार से मंजूरी का इंतजार कर रहा था। भारतीय दृष्टिबाधित संघ (आईबीसीए) के महासचिव शैलेंद्र यादव ने इस बात की पुष्टि है कि विदेश मंत्रालय ने टीम को पाकिस्तान जाने की अनुमति नहीं दी है और टूनामेंट से हटने को कहा है।

दृष्टिबाधित टी20 विश्व कप का आयोजन 23 नवंबर से तीन दिसंबर तक पाकिस्तान में होना है। यादव ने साथ ही बताया कि उन्हें सरकार की ओर से आधिकारिक तौर पर मंजूरी नहीं देने का पत्र अभी प्राप्त नहीं हुआ है क्योंकि इस बारे में मौखिक रूप से बताया गया है। यादव ने कहा, हम पाकिस्तान जाने के लिए 25 दिनों से सरकार की मंजूरी का इंतजार कर रहे थे। अब हम ज्यादा इंतजार नहीं कर सकते क्योंकि टूनामेंट शुरू ही होने वाला है। जब मैंने विदेश मंत्रालय में बात की तो बताया गया कि हमें पाकिस्तान जाने के लिए मंजूरी नहीं मिलेगी और हमें टूनामेंट से नाम वापस लेना होगा। उन्होंने साथ ही कहा कि इस बारे में आधिकारिक पत्र जल्द ही मिलेगा। हालांकि, हमें अभी तक पत्र नहीं मिला है, लेकिन जो मेरी विदेश मंत्रालय में बात हुई है, उस आधार पर हमने पाकिस्तान नहीं जाने का फैसला किया है और हम दृष्टिबाधित टी20 विश्व कप में हिस्सा भी नहीं लेंगे।

**हमारे अलावा इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की टीमें भी नहीं आ रही हैं। भारत चौथी टीम है जो इस टूनामेंट का हिस्सा नहीं होगी। यह क्रिकेट खेल के लिए थोड़ी दुख की बात है।**

यादव ने यह भी कहा कि भारत के साथ-साथ इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड भी टूनामेंट में भाग नहीं लेंगे। उन्होंने इस बात पर अफसोस जताया कि खिलाड़ियों की सारी मेहनत बेकार चली जाएगी। यादव ने कहा, हमारे अलावा इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की टीमें भी नहीं आ रही हैं। भारत चौथी टीम है जो इस टूनामेंट का हिस्सा नहीं होगी। यह क्रिकेट खेल के लिए थोड़ी दुख की बात है। भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला दोनों टीमों के प्रशंसक देखते हैं और दोनों ही टीमें मजबूत है। अब पाकिस्तान को मुफ्त में वॉकओवर मिल जाएगा और यह खिलाड़ियों के लिए भी दुख की बात है क्योंकि उनकी मेहनत बेकार जाएगी। टीम को 20 नवंबर को निकलना था और मुझे नहीं लगता कि अब कोई चमत्कार होगा।

# भारत को मलयेशिया ने 1-1 से ड्रॉ पर रोका, इस वर्ष बिना जीत के रही फुटबॉल टीम

**नई दिल्ली।** भारतीय फुटबॉल टीम वर्ष 2024 बिना जीत के साथ समाप्त करेगी। मलयेशिया ने सोमवार को खेले गए दोस्ताना मुकाबले में भारत को 1-1 की बराबरी पर रोक दिया। इसके साथ ही नए कोच मैनोलो मार्केज की कोचिंग में भारत की जीत का सूखा जारी है। मैनोलो की कोचिंग में भारत ने इस वर्ष चार मैच खेले हैं, जिसमें तीन ड्रॉ रहे हैं और सीरिया से 0-3 से हार मिली है।



विश्व नंबर 125 भारत यह मैच जीत सकता था, लेकिन गोलकीपर गुरप्रीत सिंह की लापरवाही के कारण उसे खेल के 19वें मिनट में ही गोल खाना पड़ गया। गुरप्रीत गोल छोड़कर बाहर निकल आए। पाउलो जोसुए मलयेशिया रक्षक से मिले पास पर खाली गोल में गेंद डाल दी। हालांकि 39वें मिनट में राहुल भेके ने कॉर्नर पर गोल दागकर भारत को 1-1 की बराबरी दिला दी।

ब्रेंडन फर्नांडीज के कॉर्नर पर भेके ने हेडर के जरिये गोल किया। विश्व नंबर 133 मलयेशिया के खिलाफ भारत ने 12 मैच जीते हैं और 12 ही हारे हैं, जबकि आठ मैच ड्रॉ रहे हैं। अच्छी बात यह रही कि इस मैच में अनुभवी रक्षण संदेश झिंगन 10 माह बाद खेलने उतरे। हालांकि मैनोलो की ओर से उतारे गए एकमात्र फॉरवर्ड इरफान येडवाड़ कोई करिश्मा नहीं दिखा पाए।

# पश्चिम बंगाल ने राष्ट्रीय फिनस्विमिंग में जीती टीम चैंपियनशिप, उत्तराखंड तीसरे स्थान पर रहा

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल के तैराकों ने चौथी राष्ट्रीय फिनस्विमिंग में कुल 151 पदकों के साथ टीम चैंपियनशिप का ताज जीता। उसके खाते में 67 स्वर्ण, 43 रजत और 41 कांस्य पदक रहे। उपविजेता कर्नाटक (50 पदक) के तैराकों ने 17 स्वर्ण, 18 रजत और 15 कांस्य पदक जीते। 21 पदकों के साथ उत्तराखंड को तीसरा स्थान मिला। उन्होंने 8 स्वर्ण, 6 रजत और 7 कांस्य पदक जीते।



हरियाणा ने भी 21 पदक (6 स्वर्ण, 10 रजत और 5 कांस्य) जीते लेकिन उत्तराखंड से 2 स्वर्ण कम जीतने के कारण उसे चौथा स्थान मिला। मेजबान दिल्ली ने 11 पदक (3 स्वर्ण, 5 रजत और 3 कांस्य) जीते और पदक तालिका में सातवां स्थान प्राप्त किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि द्रोणाचार्य अवार्डी हॉकी कोच डॉ. ए के बंसल ने विजेताओं को ट्रॉफी और पदक प्रदान किए।

अंडरवाटर स्पोर्ट्स फेडरेशन (यूएसएफआई) द्वारा युवा मामले और खेल मंत्रालय द्वारा मान्यता प्राप्त फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित तीन दिवसीय चैंपियनशिप में 26 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लगभग 1500 प्रतिभागियों ने प्रतिनिधित्व किया। 19 राज्यों की टीमों के तैराकों ने एक या अधिक पदक जीते हैं। यूएसएफआई के सचिव डॉ. तपन पाणिग्रही ने पदक विजेताओं को बधाई दी।

# हापुड़ में बढ़ते प्रदुषण की वजह से निर्माण कार्यो पर रोक

## डीएम ने बच्चों, बुजुर्गों और श्वसन, हृदय, मस्तिष्क संबंधी या अन्य पुरानी बीमारियों से पीड़ित लोगों को घर के अंदर रहने के दिये निर्देश



**हापुड़ करंट क्राइम।** दिल्ली एन0सी0आर0 में ग्रेप-4 के लागू होने के उपरान्त जनपद हापुड में भी ग्रेप-4 के अन्तर्गत लागू पाबन्दियों के सम्बन्ध में जिलाधिकारी श्रीमती प्रेरणा शर्मा की अध्यक्षता में मंगलवार को कलैक्ट्रट सभागार हापुड में अतिआवश्यक (जिला पर्यावरण/वृक्षारोपण/गंगा समिति) बैठक का आयोजन किया गया।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिये है कि जनपद हापुड में किसी प्रकार का निर्माण नहीं किया जायेगा तथा निमार्णाधीन कार्य पर रोक लगा दी जाये। किसी भी प्रकार का कूडा/अलाव जलाने पर पूर्णतः प्रतिबन्धित किया जाये। हापुड में ट्रक यातायात का प्रवेश रोकें (आवश्यक वस्तुओं को ले जाने वाले ट्रकों/आवश्यक सेवाएं प्रदान करने वाले ट्रकों को छोड़कर)।

नगर पालिका परिषदों/नगर पंचायत, समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को समय-समय पर अपने-अपने कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत सडको के किनारे तथा धूल जनित क्षेत्रों में पानी का छिडकाव किया जाये। बच्चे, बुजुर्ग और श्वसन, हृदय, मस्तिष्क संबंधी या अन्य पुरानी बीमारियों से पीड़ित लोग बाहरी गतिविधियों से बचें और जितना संभव हो सके घर के अंदर रहें। जिन विभागों की जिओ टैगिंग पूर्ण नहीं हुयी हैं वह जल्द पूर्ण करें तथा जिन विभागों ने आवंटित लक्ष्य से अतिरिक्त जिओ टैगिंग किये गए हैं वे उन्हें एक सप्ताह में ठीक कराये। सीएम पोर्टल हेतु पौध की जीवितता की सूचना दिनांक 25.11.2024 तक कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी हापुड़ को उपलब्ध करायें। पराली, सिंगल यूज प्लास्टिक, इलेक्ट्रॉनिक बायोमेडिकल तथा क्लीनिकल अवशिष्ट पदार्थों के निस्तारण के लिए बेहतर रणनीति बनाकर निर्धारित नियमानुसार निस्तारित किया जाये। अधिशासी अधिकारियों से सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर प्रतिबन्ध लगाने के लिये अभियान चलाकर चालान करने साथ नियमित कार्यवाही से अवगत कराये।

वायु प्रदूषण कि प्रभावी नियंत्रण हेतु जनपद में टीम का गठन किया जाये। महाकुम्भ कार्ययोजना 2025 के अन्तर्गत नालो की साफ सफाई पर विशेष ध्यान देते हुए जनपद में स्थित सभी नालों की सफाई कर जिन नालो की टैपिंग नहीं हुयी है उनकी जल्द से जल्द टैपिंग पूर्ण करें।

बैठक का संचालन प्रभागीय वनाधिकारी प्रमोद कुमार द्वारा किया गया। बैठक के दौरान प्रमोद कुमार, प्रभागीय वनाधिकारी हापुड़, शिवबिहारी शुक्ला, जिला पंचायतीराज अधिकारी, हापुड, सुनील गुप्ता, उप मुख्य चिकित्साधिकारी, हापुड, साक्षी शर्मा, उप जिलाधिकारी गढमुक्तेश्वर, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका, भारत भूषण गर्ग पर्यावरण विद तथा अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान तीन लुटेरे किए गिरफ्तार, भेजा जेल





**लोनी, गाजियाबाद।** मंगलवार थाना टीला मोड थाने पर प्रेसवार्ता के दौरन एसीपी सलोनी अग्रवाल ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा आपराधिक घटनाओं की रोकथाम के दृष्टिगत कोयल एनक्लेव ग्राउंड के सामने बस स्टॉप के पास चेकिंग की जा रही थी, तभी भोपुरा की तरफ से एक मोटर साइकिल पर सवार तीन व्यक्ति आते दिखाई दिए। जिन्हें चेकिंग हेतु रुकने का इशारा किया गया तो नही रुके और मोटर साइकिल बायीं तरफ बनी सर्विस रोड की ओर मोड़कर भागने लगे। पुलिस टीम के पीछा करने पर बदमाशों ने फायर किया तो पुलिस टीम ने आत्मरक्षार्थ व जवाबी कार्यवाही में फायर किया। जिसमें अभियुक्त सचिन उर्फ सुक्का के दाहिने पैर में गोली लगी। जिससे सचिन उर्फ सुक्का घायल होकर गिर पड़ा। पुलिस के द्वारा सिखलाये गये तरीके से घेराबन्दी कर उक्त तीनों अभियुक्तों को एल पाइन्ट कोयल एन्कलेव पर गिरफ्तार किया गया। आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।




### ये बात उन्होने जनरली कही या फिर किसी पर था ये तंज

भगवा गढ़ की सियासत के वो सबसे बड़े सिकंदर बनकर उभरे हैं। उनकी शोहरत का सितारा बुलंदी पर है और वैसे भी शब्द मैजीशियन उन्हे पहले से ही कहा जाता है। सियासत में शब्दों को किस तरह से और किस मौके पर और कैसे उछालना है ये उनसे बेहतर कोई नही जानता। जो उन्हे नजदीक से जानते हैं वो उनके शब्द बाण से डरते हैं। वो जिसकी तारीफ मंच से करते हैं तो मान कर चलो कि उसकी तो पालिटिक्स में पंच आना ही है। चुनावी माहौल में उन्होने कहा कि जनता को अच्छे लोगों का साथ देना चाहिये। उन्होने कहा कि ऐसे लोगो को प्रमोट नही करना चाहिये जो केवल चुनाव लड़ने आते है और चले जाते हैं। अब वो सत्ता वाले हैं तो ये तय है कि तीर की दिशा विपक्ष की और ही होगी। लेकिन जो उन्हे जानते है वो ये भी जानते हैं कि सियासी पिच पर वो शब्दों की गेंद को बेहतर स्पिन करा देते हैं वो कुछ भी कहें लेकिन चर्चा तो ये हो ही गई कि उन्होने ये बात जनरली ऐसे ही कह दी या फिर किसी पर उनका ये वैसे ही तंज था।

### लाईनपार इलाके के इन बूथों पर होना है सबसे धीमा मतदान

शहर वाली सीट पर मतदान को लेकर निर्वाचन वालों ने भी अपील की और सासंद ने भी कहा कि मतदान जरूर करें। लेकिन इलाकों के भूगोल और मनोविज्ञान से पूरी तरह परिचित भाजपाई ने ही मतदान को लेकर अपने एक साथी से शर्त लगाई। उसने लाईनपार इलाके में कुछ बूथ गिनाये। इन इलाकों में रहने वाले फ्लावर लीडरों के नाम गिनाये और कहा कि ये भगवा लीडर कितने भी जोर लगा ले लेकिन यहां सबसे स्लो मतदान होना हैं। भाजपाई ने कहा कि जब मतगणना हो जाये तब इन स्कूलों में बने मतदान केन्द्रो पर हुये मतदान का डाटा निकाल लेना और चेक कर लेना। उन्होने बताया कि चाहे इनके घर जाकर पर्ची दे लो चाहे इन्हे मतदान करने की अर्जी दे लो मगर ये लोग मतदान को लेकर बहाने तो बनायेगें मगर मतदान करने केन्द्र तक नही जायेगें।

### सासंद विधायक टोला एक तरफ मेयर एमएलसी एक तरफ

भगवा गढ में फूल वालों के कुनबे का एक्सटेंशन हो गया है तो सीन में इंटरनल टेंशन भी दिख रही है। वैसे तो पुरानी कहावत है कि चार बर्तन हो तो थोड़ी बहुत खटर पटर होती ही हैं लेकिन यहां भगवा बर्तनों ने अपना चौका ही अलग कर लिया है। वो कई मौको पर इसका मुलाहिजा भी कर चुके हैं। अब सब देख रहे हैं कि सासंद विधायक टोला एक तरफ हैं और मेयर एमएलसी एक तरफ हैं। गोरख गददी के महाराज आये तो रथ पर मेयर के लिये जगह ही नही थी। रोड शो में ये शो हुया कि सुरक्षा कारणों से मेयर को स्पेस नही मिला। चलो यहां नही मिली तो कोई बात नही मगर तवज्जो तो वहां भी नही मिली जहां मिलनी चाहिये। शहर में रोड शो निकला और इस वाली थार में भी सीन लाईनपार वाला ही रहा। अपनी अपनी कार और अपने अपने हाथ हिला लो के अदांज थे। मेयर के साथ साथ कालेज वाले एमएलसी को भी विधायक टोला साईड लाईन रखकर ही चल रहा है। लगता है कि कॉलेज वाले पकौड़ो की मिर्च का तीखापन बरकरार है। हालांकि एमएलसी एक साथ कार में सवार थे मगर मामला उनका भी साइड लाइन ही चल रहा है।

# भाभी-भतीजी की हत्या, बेइज्जती का बदला लेने के लिए मारा, 2 महीने से प्लान बना रहा था आरोपी





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** पुलिस ने डबल मर्डर का सनसनीखेज खुलासा करते हुए बताया है कि अगर साढ़े तीन साल की बच्ची नहीं भागती तो उसकी भी हत्या आरोपी कर देता। गाजियाबाद में 18 तारीख को देवर ने अपनी भाभी और 3 महीने की भतीजी की हत्या कर दी थी। हत्या के पीछे जो कारण आए हैं वह बेहद चौंकाने वाले हैं। दो महीने पहले भाभी के चचेरे भाई ने आरोपी का कॉलर पड़कर धमकी दी थी और मारपीट की थी। जिससे आरोपी बेइज्जती की आग में जल रहा था। इसके साथ ही आरोपी को दुबई जाना था, जिसके वीजा के लिए 30000 की जरूरत थी। आरोपी को शक था कि उसकी भाभी ने ही भाई से कहकर उसको पैसा नहीं देने दे रही है।

गाजियाबाद में डीसीपी रूरल सुरेंद्रनाथ त्रिपाठी ने बताया कि थाना वेव सिटी के गांव बहमेटा में 34 वर्षीय शाहीन परवीन और 3 महीने की आफिया की हत्या कर दी गई थी। शाहीन के देवर जीशान ने इस दोहरे हत्याकांड को अंजाम दिया था। हत्या करके आरोपी फरार हो गया था और नोएडा में एक लड़की का फोन छीनकर अपने भाई को बार-बार धमकी दे रहा था कि वह उसकी हत्या कर देगा।

डबल मर्डर के पीछे दो कारण निकल कर आए हैं। एक कारण यह है कि शाहीन के भाई अफरोज ने करीब दो महीना पहले जीशान का कॉलर पकड़कर धमकी दी थी और मारपीट की थी, जिससे जीशान को अपनी बेज्जती महसूस हुई थी। वही जीशान को दुबई जाना था जिसके वीजा के लिए उसे 30000 रुपए की जरूरत थी। जो जीशान अपने भाई बुरहान से मांग रहा था। लेकिन जीशान को शक था कि उसकी भाभी शाहीन अपने पति बुरहान से उसे पैसे देने के लिए मना कर रही है। पुलिस ने यह भी खुलासा किया है कि जिस समय शाहीन की चुन्नी से गला घोंटकर जीशान ने हत्या की उस समय दो बेटियां वहां मौजूद थी। लेकिन साढ़े तीन साल की अनबिया घर से भाग गई और रोते हुए तो वह बच गई, वहीं 3 महीने की आफिया जो चारपाई पर लेटी थी उसकी गला दबाकर जीशान ने हत्या कर दी थी।

# झांसी हादसे के बाद हापुड़ में अलर्ट हुए अफसर : जिला अस्पताल में अधिकारियों की संयुक्त टीम ने किया निरीक्षण, दी जानकारी



**हापुड़ करंट क्राइम।** झांसी जिले के महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज में बने ठक्ळव में शुक्रवार देर रात बच्चों के वार्ड में आग लगने की घटना के बाद जिले के अफसर अलर्ट मोड पर आ गए हैं। डीएम द्वारा गठित अग्निशमन विभाग, विद्युत सुरक्षा, चिकित्सा विभाग के अफसरों की संयुक्त टीम ने दस्तोई रोड स्थित जिला अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान अग्निशमन विभाग की टीम ने मॉकड्रिल कर आग बुझाने के संबंध में स्वास्थ्य कर्मियों को जानकारी दी।

दरअसल, झांसी जिले के मेडिकल कॉलेज की एसएनसीयू में भीषण आग लग गई थी। जहां इस दौरान कई नवजात शिशुओं की मौत हो गई थी। इस अग्निकांड के बाद हापुड़ जिले के अफसर सतर्क हो गए है। ऐसे में जिला अस्पताल का अधिकारियों ने निरीक्षण किया है इसके साथ ही सुरक्षा को लेकर आवश्यक निर्देश दिए।

> निरीक्षक के दौरान टीम ने वहां मौजूद स्वास्थ्य कर्मियों को बताया गया कि आग लगने के बाद घबराना नहीं चाहिए और किस तरह आग पर जल्द से जल्द काबू पाया जा सकता है, इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। अग्निनशमन विभाग की टीम ने जिला अस्पताल के मुख्य गेट के पास मॉकड्रिल का आयोजन भी किया गया।

जनपद के अन्य अस्पतालों में भी टीम जांच करेगी। जिले के मुख्य अग्निशमन अधिकारी मनु शर्मा, विद्युत सुरक्षा के सहायक निदेशक भगीरथ, डिप्टी सीएमओ डॉ. प्रवीण शर्मा ने जिला अस्पताल में विभिन्न यंत्रों, बिजली के उपकरण आदि की जांच की।

# नोएडा में गरजे सांसद चंद्रशेखकर आजाद



**गौतमबुद्ध नगर, करंट क्राइम।** आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद मंगलवार सुबह थाना रबूपुरा क्षेत्र भीकनपुर गांव पहुंचे। यहां उन्होंने मृतक के परिजनों से मुलाकात की और उन्हें हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। इस दौरान सैकड़ों लोगों की भीड़ भी वहां मौजूद रही। आसपास के अलावा दूर दराज में रहने वाले दलित समाज के लोग उन्हें घेरकर खड़े रहे। चंद्रशेखर आजाद ने इसके बाद मौके पर मौजूद दलित समाज के लोगों को भी संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने पुलिस प्रशासन से भी आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की। वहीं उन्होंने पुलिस को चेतावनी दी कि अगर उन्होंनें पीड़ित परिवार की मांगे न मानी तो वह 26 नवंबर को पुलिस कमिश्नर ऑफिस पर धरना देंगे।

# कब थमेंगी राजनगर एक्सटेंशन के मंदिरों में चोरी

## चार माह में 11 वारदातें, अब अजनारा इंटीग्रिटी बनी निशाना



### जानिए कब, कौन से मंदिर में हुई चोरी

- 10 अगस्त, 2024 – हिमालय तनिष्क सोसायटी
- 11 अगस्त, 2024 – यूनीनव हाइट्स सोसायटी
- 12 अगस्त, 2024 – स्टार रामेश्वरम सोसायटी
- 19 अगस्त, 2024 – राज एंपायर सोसायटी
- 20 अगस्त, 2024 – देविका स्काइपर सोसायटी
- 25 सितंबर, 2024 – एससीसी हाइट्स सोसायटी
- 26 सितंबर, 2024 – एससी ग्रैंड सोसायटी
- 28 अक्टूबर, 2024 – आशियाना सोसायटी
- 10 नवंबर, 2024 – पाम रिजॉर्ट सोसायटी
- 11 नवंबर, 2024 – मिडो विस्टा सोसायटी
- 18 नवंबर, 2024 – अजनारा इंटीग्रिटी सोसायटी

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** राजनगर एक्सटेंशन की विभिन्न सोसायटी लंबे समय से चोरों के निशाने पर हैं। रेजीडेंट्स का आरोप है कि मंदिरों के दान पात्र तोड़कर चोर आए दिन नगदी लूट ले जाते हैं, मामले में पुलिस शिकायत देकर एफआईआर भी दर्ज कराई जाती है, पुलिस ने चोरों को गिरफ्तार करने का दावा भी किया है लेकिन वारदातें नहीं रुक रहीं। सोमवार-मंगलवार की रात चोरों ने फिर अजनारा इंटीग्रिटी सोसायटी के मंदिर को निशाना बनाया और दानपात्र तोड़ नकदी व अन्य सामान चोरी कर ले गए। फेडरेशन ऑफ राजनगर एक्सटेंशन सोसायटीज के एक्जीक्यूटिव मेंबर दीपांशु मित्तल ने बताया कि इस मंदिर में चोरी की यह दूसरी वारदात है। राजनगर एक्सटेंशन की विभिन्न सोसायटियों में बने मंदिरों में चार माह में चोरी की 11 वारदातें हो चुकी हैं। सभी सोसायटियों के गेट पर सुरक्षा कर्मी तैनात रहते हैं लेकिन फिर भी शातिर कैसे वारदात को अंजाम देकर फरार हो जाते हैं, राजनगर एक्सटेंशन निवासियों को यह सवाल तंग करने लगा है। दीपांशु मित्तल ने ट्वीट करके कहा है कि 18 नवंबर की रात अजनारा इंटीग्रिटी सोसायटी के मंदिर में चोरी की वारदात होने से एक और काला अध्याय राजनगर एक्सटेंशन के मंदिरों के साथ जुड़ गया है। उन्होंने यूपी पुलिस को टैग करते हुए सवाल किया है कि आखिर कितनी चोरियों के बाद राजनगर एक्सटेंशन में यह सिलसिला रुकेगा। शनिवार को ही नंदग्राम थाना पुलिस ने दो भाईयों समेत तीन चोरों को गिरफ्तार कर मंदिर चोरी की घटनाओं के खुलासे का दावा किया था, लेकिन फिर वारदात हो जाने के बाद राजनगर एक्सटेंशन निवासी खुलासे पर भी सवालिया निशान लगा रहे हैं।

# पूर्व पति ने महिला के कर दिये अश्लील वीडियो वायरल

## एडिट करके उसकी बड़ी बहन और भाभी की फोटो लगा दीं



**मुरादनगर करंट क्राइम।** मुरादनगर की एक कॉलोनी की रहने वाली एक महिला के पूर्व पति ने अश्लील वीडियो बनाकर इंस्टाग्राम पर वायरल कर दिए। इतना ही नहीं आरोपी ने एडिट करके वीडियो में महिला की बड़ी बहन व भाभी की भी फोटो लगा दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

नगर की एक कॉलोनी निवासी महिला परिवार सहित रहती है। महिला का अपने पति आदेश से तलाक हो चुका है। महिला का आरोप है कि तलाक के बाद पूर्व पति काफी समय से मेरे भाई के नाम से फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर मेरी अश्लील फोटो व वीडियो वायरल करता रहता है। पिछले दिनों ने जब इसकी शिकायत साइबर थाने में की तो उन्होंने फर्जी आईडी बंद करा दी।

आरोप है कि पिछले दिनों आरोपी ने महिला की अश्लील वीडियो इंस्टाग्राम पर फर्जी आईडी बनाकर वायरल कर दी। वायरल वीडियो में आरोपी ने एडिट करके महिला की बड़ी बहन व भाभी की फोटो लगा दिया। महिला का आरोप है कि वीडियो वायरल होने पर परिवार की काफी बदनामी हो रही है। जिस कारण पूरा परिवार घर से बाहर नहीं निकल पा रहा है। महिला ने इस संबंध में मुरादनगर थाने में तहरीर दी है। एसपी ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी आदेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया है।

# कांग्रेस ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को किया याद, दी श्रद्धांजलि



**नोएडा करंट क्राइम।** सेक्टर-52 स्थित कांग्रेस कार्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी की जयंती पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने इंदिरा गांधी के जीवन से जुड़े प्रेरक प्रसंगों को साझा किया और उनके द्वारा देश के विकास में किए गए योगदान को याद किया। श्रद्धांजलि सभा का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। श्रद्धांजलि सभा की शुरूआत इंदिरा गांधी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस अवसर पर आयोजित विशेष गोष्ठी में सभी पदाधिकारियों ने लौह महिला को याद करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि दी। महानगर कांग्रेस कमेटी नोएडा के अध्यक्ष मुकेश यादव ने अपने संबोधन में कहा कि इंदिरा गांधी भारत की बल्कि विश्व की महान नेता थीं।




# किसको मिलेगा दो साल वाला तोहफा

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि चुनाव के बाद पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में कुछ चेहरों को दो साल वाला तोहफा मिल सकता है। सुनने में आया है कि 26 नवंबर को पुलिस कमिश्नरेट की घोषणा के दो वर्ष पूरे हो जाएंगे। बताया जा रहा है कि तब तक आचार संहिता वाला मामला भी खत्म हो जाएगा और फिर कार्रवाई वाले करंट से लेकर तोहफे वाले नाम भी बताए जाएंगे। पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम के विश्वसनीय सूत्रों से जानकारी मिली है कि देहात जोन के एक टू-स्टार पर कार्रवाई के आदेश जारी होंगे। तो वहीं जानकारी यह मिल रही है कि नदिया पार के लिए भी कुछ बदलाव सुनाई दे सकते हैं। उधर पुलिस कमिश्नरेट में चर्चा है कि चुनाव को बेहतर ढंग से कराने और पूरा मैनेजमेंट को संभालने को लेकर भी एसीपी स्तर पर कुछ फैसले होंगे। अब पुलिस कमिश्नरेट वाले सिसटम के सूत्र यह बता रहे हैं कि किसको हिलाया जाएगा और किसको हटाया जाएगा, यह अभी फाइनल नहीं है, पर दो प्रमुख नाम चर्चा में बने बताए जा रहे हैं। उधर पुलिस सूत्रों से विश्वसनीय जानकारी के अनुसार देखना यह होगा कि परिवर्तन वाला मामला देहात नदिया पार और सिटी में किस सर्किल में देखने को मिलेगा। उधर पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि दो साल पूरे होने पर कमिश्नरेट में पुलिस का कोई आयोजन भी किया जा सकता है। उसमें सरकार वाले मंत्री या किसी पूर्व आईपीएस अधिकारी को भी आमंत्रित किया जा सकता है। देखना होगा कि पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद के दो साल पूरे होने का जश्न मनाया जाता है या मामला कैंप कार्यालय में ही संपन्न हो जाएगा। वहीं चर्चा है कि नंवबर और दिसंबर में कई बड़ी सूचनाएं आने की बातें हो रही हैं पर कमिश्नरेट में सब ठीक रहने की बात की जा रही है। वहीं सुनने में आया रहा है कि दो साल पूरे होने पर किसी नए थाने के नाम की घोषणा या कमिश्नरेट वाले ऑफिस का कोई कार्य शुरु करवाया जा सकता है। देखना होगा कि दूसरी वर्षगांठ कैसी रहती है और क्या कोई संदेश दिया जाता है। कुल मिलाकर चर्चा यह बनी हुई है कि 26 के आसपास कई तरीके के फैसले और आदेश सुनाए जा सकते हैं। चुनाव के बाद सभी की नजरें पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद पर होंगी। देखना होगा यह किसके लिए हितकारी और किसके लिए अहित वाला रहेगा।




# ऑन डिमांड कार चोरी करने वाले 5 गिरफ्तार

## 5 लग्जरी कार बरामद, नंबर के साथ टेम्परिंग करके पंजाब रजिस्ट्रेशन कर बेचते थे





**नोएडा करंट क्राइम।** नोएडा थाना सेक्टर-20 पुलिस ने 19 दिन तक तफ्तीश के बाद एक वाहन चोर गिरोह के पांच लोगों को गिरफ्तार किया। ये अंतरराज्यीय वाहन चोर है। ऑन डिमांड कार चोरी करते थे। इनके तार पंजाब, दिल्ली, राजस्थान और उप्र से जुडे है। अब 50 से ज्यादा वारदात कर चुके है। ये लोग तीन राज्यों से कार चोरी करते थे और उसके नंबर के साथ टेम्परिंग करके पंजाब का रजिस्ट्रेशन नंबर लगाकर उसे आगे भेजते थे। इनके पास से पांच लग्जरी कार बरामद की गई है। डीसीपी राम बदन सिंह ने बताया कि नोएडा के सेक्टर-27 में दीवाली के दिन एक घर में चोरी हुई थी। सारा सामान ले जाते समय एक चोर को क्रेटा कार की चाबी भी दिख गई। इसके बाद वो क्रेटा कार में सारा सामान भरकर वहां से फरार हो गया। पीड़ित ने थाना सेक्टर-20 पुलिस से मामले की शिकायत की। इसके बाद सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। जिसके बाद 19 नवंबर को मुखबिर और लोकल इंटेलिजेंस से मिले इनपुट के आधार पर निठारी के पास एलिवेटेड रोड से पांचों को गिरफ्तार किया गया।

अधिकतर ऑर्डर इनको पंजाब से मिलते थे। इसलिए यहां से कार चोरी करने के बाद ये लोग पंजाब रजिस्ट्रेशन का नंबर प्लेट कार पर लगाकर आगे भेज देते थे। डिमांड लाने का काम इनका एक साथी करता था। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। जो पैसे मिलते थे उसे ये आपस में बाट लेते थे।

### ये लग्जरी कार हुई बरामद

इनकी पहचान विनोद पुत्र श्यौराज, आदेश कुमार पुत्र फुल सिंह, करन जाट उर्फ सोनू पुत्र जगपाल, प्यारे लाल पुत्र नानक चन्द और इन्द्राज पुत्र गंगा राम हुई है। ये लोग कार का लॉक तोड़ने में एक्सपर्ट है। महज कुछ की सेकेंड में गाड़ी चोरी कर फरार हो जाते थे। इनके पास से एक क्रेटा कार रजिस्ट्रेशन नंबर HR82B2842, एक कार वर्ना रजिस्ट्रेशन नंबर UP13BH0230, एक ब्रेजा रजिस्ट्रेशन नंबर UP13BL4190, एक टोयोटा कोरोला एलटिस जिस पर रजिस्ट्रेशन नंबर UP79AC0194 और एक सफेद स्विफ्ट कार बिना नम्बर प्लेट की बरामद की गई।

# प्रदूषण की रोकथाम में जुटा नोएडा प्राधिकरण

## हर दिन 125 किलोमीटर होगा जल छिड़काव, सीईओ ने लिया जायजा

**नोएडा करंट क्राइम।** वायु प्रदूषण का स्तर चिंताजनक तरीके से बढ़ चुका है। इस वजह से हवा में प्रदूषण का एक्यूआई (अदक) 400 के पार पहुंच गया है। इसको रोकने लिए नोएडा प्राधिकरण लगातार काम कर रहा है। इसी क्रम में सीईओ डॉ. लोकेश एम. ने शहर के अलग अलग क्षेत्रों में निरीक्षण किया और कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान प्रदूषण नियंत्रण, स्वच्छता और शहरी विकास से संबंधित कई मुद्दों पर ध्यान दिया गया।

नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि प्रदूषण नियंत्रण के लिए पानी का छिड़काव बढ़ाया जाएगा। वर्तमान में पांच टैंकरों द्वारा प्रतिदिन लगभग 100 से 125 किलोमीटर क्षेत्र में जल-छिड़काव किया जा रहा है। सीईओ ने इस कार्य को और अधिक विस्तार देने के निर्देश दिए हैं। सीईओ ने सेक्टर-34 में सेंट्रल वर्जा में पौधों की स्थिति पर चिंता व्यक्त की। निरीक्षण के दौरान पाए गए पौधे सूखे और कम संख्या में थे, जिन पर धूल-मिट्टी जमी हुई थी। सीईओ ने इन पौधों पर पानी छिड़कने और उनकी संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। सीईओ ने खाली भूखंडों से अतिक्रमण हटाने और पार्कों के रख-रखाव पर भी ध्यान दिया। मौसमी पौधे लगाने के भी निर्देश दिए गए। सेक्टर-33 में एक महत्वपूर्ण मुद्दा सामने आया, जहां एक टॉयलेट में सीवर कनेक्शन नहीं होने के कारण हैंडओवर नहीं हो पाया। सीईओ ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल इसका समाधान करने और एक सप्ताह में सभी टॉयलेट में पानी और सीवर कनेक्शन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। यातायात व्यवस्था में सुधार के लिए भी कदम उठाए गए। सेक्टर 33/23 के मार्ग पर यातायात की अधिकता को देखते हुए सड़क के चौड़ीकरण के निर्देश दिए गए। साथ ही, एलिवेटेड रोड के पिलर्स पर आकर्षक लाइटिंग व्यवस्था और टी-पॉइंट पर हाईमास्ट लाइट लगाने के लिए कहा गया।

# यूक्रेन और रूस युद्ध के 1000 दिन हुए पूरे

## 'यह समय शांति हासिल करने का', बर्बादी के बीच समय की मांग




**यूक्रेन।** यूक्रेन पर रूसी सैन्य बलों के आक्रमण को एक हजार दिन पूरे हो रहे हैं। मगर देश में लाखों नागरिक अब भी व्यापक पैमाने पर मौतों, विध्वंस और हताशा से जूझ रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र में राजनैतिक एवं शांतिनिर्माण मामलों के लिए प्रमुख रोजमैरी डीकार्लो ने सोमवार को सुरक्षा परिषद की बैठक को संबोधित करते हुए हिंसक टकराव का अंत करने के लिए राजनैतिक इच्छाशक्ति व एकजुट प्रयासों का आग्रह किया है।

उन्होंने कहा कि रूसी महासंघ ने फरवरी 2022 में पूर्ण स्तर पर यूक्रेन पर यह आक्रमण, संयुक्त राष्ट्र चार्टर व अन्तरराष्ट्रीय कानून का खुलेआम उल्लंघन करते हुए किया था। एक हजार दिन बीत चुके हैं, यह युद्ध जारी है, बिना रुके। घातक लड़ाई पूर्वी व दक्षिणी यूक्रेन के ज्यादा से ज्यादा हिस्सों को अपने लपेटे में ले रही है। व्यापक मौतों, तबाही और हताशा के 1,000 दिन, जोकि लाखों यूक्रेनी नागरिकों के लिए बदस्तूर जारी हैं।

अब तक कम से कम 12 हजार 164 आम लोग मारे जा चुके हैं, जिनमें 600 से अधिक बच्चे हैं। 26 हजार से अधिक घायल हुए हैं, लेकिन हताहतों का वास्तविक आंकड़ा इससे कहीं अधिक होने की आशंका है। यूएन अवर महासचिव रोजमैरी डीकार्लो ने बताया कि इस सप्ताहांत रूस ने यूक्रेन के सभी क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर हवाई हमले किए। 120 मिसाइलों व 90 ड्रोन के जरिये ऊर्जा प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया गया, जिससे जान-माल का भीषण नुकसान हुआ है।

उन्होंने कहा कि यूक्रेन में अति-महत्वपूर्ण नागरिक व ऊर्जा प्रतिष्ठानों को व्यवस्थागत ढंग से निशाना बनाया जा रहा है, उन्हें तबाह किया जा रहा है, जोकि अनेक यूक्रेनी नागरिकों को बुनियादी आवश्यकताओं से वंचित कर रहा है। करीब 580 मेडिकल केंद्र क्षतिग्रस्त या बर्बाद हुए हैं और बड़ी संख्या में चिकित्साकर्मियों व अग्रिम मोर्चे पर डटे राहतकर्मियों के हताहत होने की खबरें हैं। कम से कम 1,358 शैक्षणिक केंद्रों को नुकसान पहुंचा है।

### विध्वंस के बीच सहायता प्रयास

अवर महासचिव ने चिंता जताई कि यूक्रेन युद्ध से पर्यावरण को गहरा नुकसान पहुंचा है। कखोवा बांध के ध्वस्त होने से आई से स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्रों व यूक्रेन में कृषि को क्षति हुई है। यूक्रेन अब उन देशों की सूची में हैं, जहां बड़े पैमाने पर बारूरी सुरंग का इस्तेमाल किया गया है। एक अनुमान के अनुसार, देश के एक चौथाई हिस्से में बारूदी सुरंग बिछी होने की आशंका है, जोकि स्विट्जरलैंड के आकार का चार गुना क्षेत्र है।

उन्होंने बीती रात मीडिया में खबरों के हवाले से कहा कि यूक्रेन के सहयोगी देशों ने रूस के भीतर लम्बी दूरी से मिसाइल हमलों के लिए हथियारों के इस्तेमाल को स्वीकृति दी है। इसके मद्देनजर रोजमैरी डीकार्लो ने जोर देकर कहा कि सभी पक्षों को आम नागरिकों की सुरक्षा, उनका बचाव सुनिश्चित करना होगा, भले ही वे कहीं भी हों।

**टकराव बढ़ने का जोखिम :** रोजमैरी डीकार्लो ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय की गम्भीर चिंताओं के बावजूद, परमाणु हादसे का जोखिम वास्तविक है। यूरोप के सबसे बड़े परमाणु ऊर्जा प्लांट व अन्य संवेदनशील स्थानों पर सैन्य गतिविधि होने की खबरें हैं। ऐसी किसी भी घटना के नतीजे विनाशकारी होंगे और इस आशंका से हम सभी को भयभीत होना चाहिए। सभी पक्षों के लिए यह अनिवार्य है कि परमाणु सुरक्षा व सलामती के लिए जिम्मेदारी के साथ कदम उठाए जाएं। अवर महासचिव ने कहा कि हाल ही में कोरिया लोकतांत्रिक जनगणराज्य के हजारों सैनिकों को हिंसक टकराव से प्रभावित इलाकों में तैनात किए जाने और उनके लड़ाई में शामिल होने की खबरें हैं।

यह आग को और भड़काने का काम करेगा, जिससे यह विस्फोटक और भड़केगा व इसका अंतरराष्ट्रीयकरण होगा।



# जी20 से इतर इतालवी पीएम मेलोनी से मिले नरेंद्र मोदी

**ब्राजील।** रियो डी जेनेरियो में 19वें जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, ब्राजील के राष्ट्रपति लुईस इनासियो लूला दा सिल्वा और अन्य देशों के राष्ट्राध्यक्षों और शीर्ष नेताओं की मौजूदगी में भूख और गरीबी के खिलाफ वैश्विक गठबंधन का शुभारंभ हुआ। इस मौके पर सभी देशों के नेताओं ने एकजुटता दिखाई और प्रतीकात्मक ग्रुप फोटो के माध्यम से भूख और गरीबी के खिलाफ लड़ाई का संदेश दिया। तस्वीर में मेजबान देश ब्राजील के राष्ट्रपति के अलावा पीएम मोदी, तुर्किये के राष्ट्रपति एर्दोआन, चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज को पहली कतार में देखा गया। इनके ठीक पीछे की कतार में फ्रांस के राष्ट्रपति इमानुएल मैक्रों, जर्मन चांसलर ओलाफ शोल्ज सरीखे नेताओं को देखा गया।

**पीएम मोदी और इटली की प्रधानमंत्री की मुलाकात :** जी-20 देशों के सम्मेलन से इतर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इतालवी प्रधानमंत्री मेलोनी समेत कई अन्य हस्तियों से भी मुलाकात की। दोनों राष्ट्राध्यक्षों और विदेश मंत्री जयशंकर की मौजूदगी वाले प्रतिनिधिमंडल ने भारत और इटली से जुड़े अहम द्विपक्षीय मुद्दों पर बातचीत की।

**पुर्तगाल के प्रधानमंत्री के साथ अहम द्विपक्षीय मुद्दों पर बातचीत :** पीएम मोदी ने इटली के अलावा पुर्तगाल के समकक्ष से भी मुलाकात की। प्रधानमंत्री के एक्स हैंडल पर साझा की गई तस्वीर के साथ लिखा गया, 'पुर्तगाल के प्रधानमंत्री लुइस मोंटेनेग्रो के साथ बहुत अच्छी बैठक हुई। भारत पुर्तगाल के साथ लंबे समय से चले आ रहे संबंधों को सहेज रहा है।'

### प्रधानमंत्री मोदी और इमैनुएल मैक्रों के बीच अहम मुलाकात

रियो में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के बीच अहम मुलाकात हुई। पीएम मैक्रों ने ट्वीट किया, 'प्रधानमंत्री मोदी से मिलना हमेशा खुशी की बात होती है, क्योंकि भारत के साथ हमारी साझेदारी समृद्ध और बहुआयामी है। हमने पिछले जनवरी में मेरी राजकीय यात्रा के दौरान शुरू की गई पहलों की प्रगति की समीक्षा की, साथ ही प्रमुख अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर भी चर्चा की।'

**भारत और पुर्तगाल के बीच इन मुद्दों पर हुई बातचीत :** पीएम मोदी ने कहा, हमारी बातचीत हमारे आर्थिक संबंधों को और अधिक मजबूती देने पर केंद्रित रही। नवीकरणीय ऊर्जा और हरित हाइड्रोजन जैसे क्षेत्रों में अधिक सहयोग के अवसरों के आदान- प्रदान पर भी चर्चा हुई। पीएम मोदी ने बताया कि पुर्तगाल और भारत के बीच हमने मजबूत रक्षा संबंधों, लोगों से लोगों के बीच संबंधों जैसे कई अन्य विषयों पर भी बात की।

**प्रधानमंत्री मोदी ने इंडोनेशिया के साथ 75 साल पुराने संबंधों का जिक्र किया :** ब्राजील में इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो से मुलाकात के बाद खुशी का इजहार करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि दोनों देशों के रिश्ते के लिहाज से यह वर्ष विशेष है क्योंकि राजनयिक संबंधों के 75 वर्ष पूरे होने का जश्न मनाया जा रहा है।

# ट्रंप की कैबिनेट से पाक की रातों की नींद उड़ी



**ट्रंप की कैबिनेट में अधिकतर नेता वो हैं, जो पाकिस्तान के प्रति अच्छे विचार नहीं रखते। आर्थिक तौर पर संकट में घिरी पाकिस्तान की सरकार को अमेरिका से जो उम्मीदें थीं, उन्हें झटका लगना तय है।**

**वाशिंगटन।** डोनाल्ड ट्रंप राष्ट्रपति चुनाव में जीत के बाद अपनी कैबिनेट के कई सहयोगियों का चुनाव कर चुके हैं। खासकर रणनीतिक तौर पर अहम पदों पर नियुक्तियां हो चुकी हैं। इन नियुक्तियों को लेकर अमेरिका में जितना उत्साह शायद न हो उससे ज्यादा दुख और चिंता पाकिस्तान की सरकार को हो रही होगी। इसकी वजह ये है कि ट्रंप की कैबिनेट में अधिकतर नेता वो हैं, जो पाकिस्तान के प्रति अच्छे विचार नहीं रखते। यही वजह है कि आर्थिक तौर पर संकट में घिरी पाकिस्तान की सरकार को अमेरिका से जो उम्मीदें थीं, उन्हें झटका लगना तय है।

डोनाल्ड ट्रंप के नए विदेश मंत्री, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार, खुफिया विभाग की निदेशक सभी लोग पाकिस्तान के प्रति आलोचनात्मक विचार रखते हैं और इनका भारत के प्रति रवैया काफी सकारात्मक है। इससे साफ है कि अमेरिका की विदेश नीति में पाकिस्तान को अहम जगह मिलने की उम्मीद कम ही है। ऐसे में पाकिस्तानी सेना, खुफिया एजेंसी आईएसआई के शीर्ष अधिकारी अमेरिका की संबंधों को लेकर रणनीति बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं।

**विदेश मंत्री मार्को रुबियो :** अमेरिका के नए विदेश मंत्री मार्को रुबियो पाकिस्तान के आलोचक माने जाते हैं। बतौर सीनेटर मार्को रुबियो ने पिछली सरकार में संसद में एक विधेयक पेश किया था, जिसने पाकिस्तानी सेना के लिए खतरे की घंटी बजा दी थी। दरअसल इस विधेयक में मार्को रुबियो ने पाकिस्तान पर भारत के खिलाफ राज्य प्रायोजित प्रॉक्सी समूहों द्वारा आतंकवाद फैलाने का आरोप लगाया था। इस विधेयक में अमेरिका द्वारा पाकिस्तान को दी जाने वाली सुरक्षा सहायता बंद करने की सलाह दी गई थी। इसके अलावा रुबियो ने अमेरिकी सीनेट में एक अन्य विधेयक पेश किया था, जिसमें चीन के बढ़ते खतरे को देखते हुए भारत के साथ रक्षा सहयोग बढ़ाने की वकालत की थी।

### राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार माइक वाल्ट्ज

मार्को रुबियो की तरह ही डोनाल्ड ट्रंप के नए प्रशासन में एक और प्रमुख व्यक्ति हैं माइक वाल्ट्ज- जिन्हें राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बनाया गया है। माइक वाल्ट्ज भी पाकिस्तान के कट्टर आलोचक हैं।

माइक वाल्ट्ज ने एक बार अपने बयान में पाकिस्तान पर अपनी विदेश नीति में आतंकवाद का सहारा लेने का आरोप लगाया था और कहा था कि 'आतंकवाद विदेश नीति का साधन नहीं हो सकता। यह पूरी तरह से अस्वीकार्य है और पाकिस्तान की सरकार, पाकिस्तानी सेना और इसकी खुफिया एजेंसी आईएसआई को इससे आगे बढ़ना होगा।'

# लेबनान और हिजबुल्ला जंग रोकने के प्रस्ताव पर सहमत

## अब गेंद नेतन्याहू के पाले में



**बेरूत।** इस्राइल और हमास के बीच पिछले एक साल से युद्ध जारी है। इस संघर्ष में अब हिजबुल्ला भी शामिल हो चुका है। इस्राइल के साथ इस संघर्ष को रोकने के लिए अब लेबनान और हिजबुल्ला अमेरिका के प्रस्ताव पर सहमत हो गए हैं। लेबनान के एक शीर्ष अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। हालांकि, इसे लेकर इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की तरफ से कोई टिप्पणी नहीं की गई। ईरान द्वारा समर्थित हिजबुल्ला ने युद्धविराम पर बातचीत के लिए अपने लंबे समय के सहयोगी नबीह बेरी का समर्थन किया।

**इस्राइल और हमास के बीच पिछले एक साल से युद्ध जारी है। संघर्ष रोकने को लेकर इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की तरफ से अभी कोई टिप्पणी नहीं की गई है।**

### अमेरिका के प्रस्ताव पर प्रतिक्रिया

संसद अध्यक्ष नबीह बेरी के सहयोगी अली हसन खलील ने अमेरिका के प्रस्ताव पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, लेबनान ने सकारात्मक माहौल में पेपर पर अपनी टिप्पणी की। हमारे द्वारा प्रस्तुत सभी टिप्पणियां (यूएन) प्रस्ताव 1701 के सभी प्रावधानों के साथ सटीक पालन पुष्टि करती है। खलील ने कहा, इस पहल की सफलता अब इस्राइल पर निर्भर करती है। अगर इस्राइल इसका समाधार नहीं चाहता है तो यह सैकड़ों समस्याएं खड़ी कर सकता है।

संयुक्त राष्ट्र परिषद के प्रस्ताव 1701 को नहीं किया गया ठीक से लागू

इस्राइल लंबे समय से दावा कर रहा है कि सीमा पर यूएन के प्रस्ताव 1701 को कभी ठीक से लागू नहीं किया गया था। बता दें कि संयुक्त राष्ट्र परिषद के प्रस्ताव 1701 ने 2006 में हिजबुल्ला और इस्राइल के बीच पिछले युद्ध को समाप्त कर दिया था। इस प्रस्ताव के अनुसार, हिजबुल्ला को लेबनानी-इस्राइल सीमा और लितानी नदीं के बीच के क्षेत्र में कोई सशस्त्र उपस्थिति नहीं होनी चाहिए। यह सीमा से लगभग 30 किमी उत्तर में बहती है।

लेबनान ने इस्राइल पर अपने हवाई क्षेत्र में युद्धक विमान उड़ाने और नियमों के उल्लंघन का आरोप लगाया। खलील के मुताबिक इस्राइल बेरूत और हिजबुल्ला के कब्जे वाले दूसरे क्षेत्रों पर हमले कर रहा था। हालात ऐसे हैं जिसमें इस्राइल बहुत अधिक दबाव बनाकर किसी भी कीमत पर समझौता करना चाहता है।

# भारत के साथ फिर शुरू होगी मुक्त व्यापार समझौते पर वार्ता

## पीएम मोदी-स्टार्मर की मुलाकात के बाद डाउनिंग स्ट्रीट का बड़ा एलान



**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने कहा कि अगले साल भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर वार्ता फिर से शुरू की जाएगी। यह घोषणा उन्होंने ब्राजील में जी20 शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक के बाद की। स्टार्मर और मोदी की मुलाकात के बाद डाउनिंग स्ट्रीट ने कहा कि ब्रिटेन भारत के साथ एक नई रणनीतिक साझेदारी बनाने का प्रयास करेगा। इसमें व्यापार समझौता, सुरक्षा, शिक्षा, प्रौद्योगिकी और जलवायु परिवर्तन जैसे क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा देना शामिल है।

स्टार्मर के प्रवक्ता ने कहा, ब्रिटेन भारत के साथ एफटीए पर बातचीत के लिए प्रतिबद्ध है, जो दुनिया की सबसे तेज गति से बढ़ती अर्थव्यस्थाओं में से एक है। डाउनिंग स्ट्रीट ने स्टार्मर के हवाले से एक बयान में कहा, भारत के साथ एक नए एफटीए से ब्रिटेन में रोजगार और समृद्धि बढ़ेगी और यह हमारे देश में विकास और अवसर लाने के हमारे मिशन को एक कदम आगे ले जाएगा।

वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस मुलाकात को 'अत्यंत उत्पादक' बताया और सोशल मीडिया पर लिखा, भारत के लिए ब्रिटेन के साथ व्यापक रणनीतिक साझेदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। हम तकनीकी, हरित उर्जा, सुरक्षा, नवाचार और प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में सहयोग करने के लिए तत्पर हैं। हम व्यापार और सांस्कृतिक संबंधों को भी मजबूत करना चाहते हैं।

**भारतीय विदेश मंत्रालय ने दोनों नेताओं की मुलाकात पर क्या कहा :** भारतीय विदेश मंत्रालय (एमईए) ने भी इस बैठक को दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को नया उत्साह देने वाला बताया। मंत्रालय ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्राजील में जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने भारत-ब्रिटेन रणनीतिक साझेदारी के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की और एफटीए की जरूरत पर जोर दिया।

**स्टार्मर ने जिनपिंग, इशिबा और अल्बनीज से भी मुलाकात की :** डाउनिंग स्ट्रीट ने बयान में यह भी कहा कि स्टार्मर के इस दौरे का मकसद दुनिया की प्रमुख आर्थिक शक्तियों के साथ संबंधों को मजबूत करना और ब्रिटेन के लोगों का निकास करना है।

### दोनों देशों के लिए फायदेमंद होगा व्यापार समझौता: जोनाथन रेनॉल्ड्स

भारत और ब्रिटेन के बीच एफटीए वार्ता जनवरी 2022 से चल रही थी। लेकिन दोनों देशों में इस साल के आम चुनावों के कारण वाताएं स्थगित हो गई थीं। ताजा आंकड़ों के मुताबिक, दोनों देशों के बीच द्विपक्षी व्यापार 42 अरब पाउंड के आसपास है और एफटीए से यह आंकड़ा बढ़ सकता है। ब्रिटेन के व्यापार मंत्री जोनाथन रेनॉल्ड्स ने कहा, भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और ब्रिटेन के लिए एक महत्वपूर्ण व्यापारिक साझेदार है। हम मानते हैं कि यह समझौता दोनों देशों के लिए फायदेमंद हो सकता है।

# पुतिन ने नई परमाणु नीति पर किए हस्ताक्षर

## बाइडन के फैसले से एटमी जंग के मुहाने पर दुनिया?



**मास्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने मंगलवार को एक अहम फैसले के तहत संशोधित परमाणु नीति पर हस्ताक्षर किए हैं। इस नई नीति के तहत अगर कोई देश किसी परमाणु युद्ध संपन्न देश की मदद से रूस पर हमला करता है तो इसे देश पर संयुक्त हमला माना जाएगा और उस स्थिति में रूस की सरकार परमाणु हथियार का इस्तेमाल कर सकेगी। हालांकि इस स्थिति में कुछ शर्तें भी जोड़ी गई हैं। पुतिन का यह फैसला रूस-यूक्रेन युद्ध के एक हजार दिन पूरे होने के अवसर पर सामने आया है।

### बाइडन के फैसले ने बढ़ाया परमाणु युद्ध का खतरा?

अमेरिका में जो बाइडन की सरकार ने जाते जाते यूक्रेन को लंबी दूरी की मिसाइलों से रूस के भीतर हमले की मंजूरी दे दी है। इस पर रूस ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए मुंहतोड़ जवाब देने की बात कही थी। पुतिन द्वारा संशोधित परमाणु नीति पर हस्ताक्षर के कदम को भी बाइडन के फैसले का ही जवाब माना जा रहा है। रूस की नई परमाणु नीति में ये प्रावधान किया गया है कि रूस पर अगर बड़े पैमाने पर हवाई हमला होता है तो उसके जवाब में रूस परमाणु हथियार का इस्तेमाल कर सकता है।

उल्लेखनीय है कि यूक्रेन की सेना द्वारा अमेरिकी की लंबी दूरी की मिसाइलों का इस्तेमाल पहले भी किया जा रहा था, लेकिन ये इस्तेमाल सिर्फ सीमावर्ती इलाकों तक सीमित था। अब सत्ता से जाते जाते बाइडन ने बड़ा फैसला लेते हुए यूक्रेन को रूस के भीतर भी लंबी दूरी की मिसाइलों से हमले की मंजूरी दे दी है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस मंजूरी से रूस के सैन्य अड्डे, सैनिक प्रतिष्ठान और अन्य अहम ठिकानें यूक्रेन के निशाने पर आ गए हैं। इससे रूस-यूक्रेन युद्ध की पूरी तस्वीर बदल सकती है। रूस ने अमेरिका के इस कदम की आलोचना करते हुए इसे रूस युद्ध भड़काने की कोशिश करार दिया।

### नई नीति में किए गए हैं ये बदलाव

रूस की पूर्व की परमाणु नीति के तहत सिर्फ रूस या इसके सहयोगियों पर बैलिस्टिक मिसाइल के हमले की विश्वसनीय सूचना के बाद ही रूस परमाणु हथियारों का इस्तेमाल कर सकता था, लेकिन अब नई नीति के तहत बैलिस्टिक मिसाइल के साथ ही, क्रूज मिसाइल, बड़े पैमाने पर ड्रोन हमले या अन्य उड़ने वाले वाहनों के जरिए हमले की स्थिति में भी परमाणु हथियार के इस्तेमाल की मंजूरी दी गई है। खास बात ये है कि पुरानी नीति में रूस के सहयोगी बेलारूस पर हमले की स्थिति में भी रूस द्वारा परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करने का प्रावधान था, लेकिन संशोधित नीति में ये प्रावधान हटा दिया गया है।

# वालमार्ट स्टोर के ओवन में जलकर मरने वाली भारतीय लड़की की मौत पर संशय बरकरार, पुलिस ने भी खड़े किए हाथ






**ओटावा।** कनाडा के हुई एक भारतीय युवती की मौत के मामले में कनाडा पुलिस ने अपनी जांच पूरी कर ली है। पुलिस ने अपने बयान में कहा है कि युवती की मौत में किसी दूसरे व्यक्ति की संलिप्तता के सबूत नहीं मिले हैं। गौरतलब है कि बीते अक्तूबर में कनाडा के वालमार्ट के एक स्टोर में भारतीय युवती गुरसिमरन कौर की लाश मिली थी। यह लाश स्टोर में बिक्री के लिए रखे एक ओवन में जली हुई हालत में मिली थी।

### कई सवालों के जवाब कभी नहीं मिल सकेंगे : पुलिस

अब कनाडा पुलिस ने अपनी जांच के बाद गुरसिमरन की मौत में किसी दूसरे व्यक्ति के शामिल होने की आशंका से इनकार कर दिया है। पुलिस ने कहा कि किसी तरह की साजिश के उन्हें सबूत नहीं मिले हैं।

पुलिस ने कहा कि 'हम जानते हैं कि घटना को लेकर कई सवाल हैं कि आखिर उस वक्त क्या हुआ था। लेकिन जांच, कई लोगों से पूछताछ और वीडियो फुटेज देखने के बाद हम कह सकते हैं कि घटना में कोई संदिग्ध नहीं है। हमें नहीं लगता कि घटना में कोई दूसरा व्यक्ति शामिल था। हमें ये भी लगता है कि कई ऐसे सवाल हैं, जिनके जवाब शायद अब कभी नहीं मिलेंगे।'

### अक्तूबर में हुई थी घटना

उल्लेखनीय है कि कनाडा के हेलीफेक्स इलाके में स्थित एक वालमार्ट स्टोर में भारतीय युवती गुरसिमरन कौर नौकरी करती थी। उसी स्टोर में गुरसिमरन की मां भी नौकरी करती थी। बीते अक्तूबर में स्टोर में रखे एक ओवन में गुरसिमरन बंद हो गई और कई घंटे बाद उसकी जली हुई लाश ओवन से बरामद की गई थी। स्टोर में काम करने वाले अन्य सहकर्मियों ने बताया था कि शायद गुरसिमरन उस ओवन में बंद हो गई थी, लेकिन उनका ये भी कहना है कि कर्मचारियों को ओवन में जाने की कोई मजबूरी नहीं है और ओवन का गेट भी ओटोमैटिक नहीं है। ऐसे में गुरसिमरन उस ओवन में क्यों गई और क्यों इस बारे में किसी को पता नहीं चला?

ये एक बड़ा सवाल है। गुरसिमरन कनाडा में अपनी मां के साथ रहती थी और उसके पिता और भाई भारत में ही रहते हैं।

# बढ़ते वायु प्रदूषण पर जारी है निगम का प्रहार

## विक्रमादित्य सिंह मलिक ने विभागों से की समीक्षा, पानी के छिड़काव की बढ़ाई रफ्तार



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देशानुसार वायु गुणवत्ता सुधार को लेकर गाजियाबाद नगर निगम निरंतर प्रयासरत है। इसी क्रम में विभागों द्वारा वॉटर स्प्रिंकलर तथा एंटी स्मोक गण को निरंतर चलाया जा रहा है।

स्वास्थ्य विभाग तथा जलकल विभाग के साथ-साथ उद्यान विभाग की भी अहम भूमिका वायु गुणवत्ता सुधार के प्रयास में दिखाई दे रही है। मैन्युअल सफाई के साथ-साथ मैकेनाइज्ड सफाई को भी प्राथमिकता पर कराया जा रहा है जिसमें आठ रोड स्वीपिंग के द्वारा रोड को धूल मुक्त कराया जा रहा है तथा पानी के छिड़काव में भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है जिसमें मुख्य मार्गों पर लगभग 30 वॉटर स्प्रिंकलर के माध्यम से पानी का छिड़काव चल रहा है तथा पांच एंटी स्मोक गन निरंतर मुख्य मार्गों पर पानी का छिड़काव कर रही हैं जिसकी मॉनिटरिंग जीपीएस के माध्यम से गाजियाबाद नगर निगम की टीम कर रही है।

### वायु प्रदूषण फैलाने वालों पर हो कड़ी कार्रवाई : नगर आयुक्त







### ग्रैप के नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें आधिकारी, बढ़ाएं मॉनिटरिंग : नगर आयुक्त

**करंट क्राइम।** ग्रैप के नियमों का कड़ाई से पालन हो जिसके लिए नगर आयुक्त द्वारा सभी विभागों से निरंतर समीक्षा की जा रही है। इसी क्रम में नगर आयुक्त द्वारा निर्माण विभाग के साथ-साथ अन्य विभागों को भी कड़े निर्देश जारी किए हैं तथा वायु प्रदूषण बढ़ाने की गतिविधियों पर रोक लगाते हुए अविलंब कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं।

### गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत 152 किलोमीटर निर्धारित रूट पर लगातार चल रहे हैं वॉटर स्प्रिंकलर

**करंट क्राइम।** महापौर सुनीता दयाल तथा नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देशानुसार गाजियाबाद नगर निगम के समस्त विभाग निरंतर वायु गुणवत्ता सुधार के लिए प्रयासरत दिखाई दे रहे हैं। नगर आयुक्त द्वारा चालान करते हुए वायु प्रदूषण फैलाने वालों पर कड़ी कार्यवाही के लिए कहा गया है। इसी के साथ-साथ गाजियाबाद नगर निगम टीम द्वारा जन-जन को वायु गुणवत्ता सुधार के लिए जागरूक भी किया जा रहा है जो कि सराहनीय है। पांचों जोन में जोनल प्रभारी की देखरेख में कार्यवाही प्रात: कालीन निरीक्षण में दिखाई दे रही है। नगर आयुक्त द्वारा उपकरणों की संख्या बढ़ाने के साथ-साथ अधिकारियों को मौके पर निरीक्षण करने के लिए भी कहा गया है। गाजियाबाद नगर निगम के उपकरण बढ़ते वायु प्रदूषण पर निरंतर प्रहार कर रहे हैं। गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत मुख्य मार्गों का रूट निर्धारित करते हुए प्रतिदिन 152 किलोमीटर वॉटर स्प्रिंकलर का कार्य कराया जा रहा है जिसमें जन-जन के सहयोग के लिए अपील की जा रही है।

### खुले में निर्माण सामग्री बेचने वालों पर निगम ने कसा शिकंजा

**करंट क्राइम।** मुख्य अभियंता निर्माण एनके चौधरी द्वारा बताया गया कि ग्रैप की चौथी स्टेज में नगर आयुक्त के निर्देशानुसार वायु गुणवत्ता सुधार के क्रम में निर्माण कार्यों पर विराम किया गया है, तथा खुले में निर्माण सामग्री के कार्यों पर कड़ी कार्रवाई की गई है। पांचों जोन में लगभग 94000 का जर्माना भी वसूला गया है। वरिष्ठ प्रभारी स्वास्थ्य अपर नगर आयुक्त द्वारा बताया गया बढ़ते वायु पॉल्यूशन को रोकने के लिए गाजियाबाद नगर निगम के सभी विभाग निरंतर लगे हुए हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा भी कूड़ा जलाने वाले अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही के लिए तहरीर संबंधित थाने में दी गई है, इसके अलावा आठ दोषी व्यक्तियों पर जुर्माना भी लगाया गया है जिसमें लगभग 60000 का जुर्माना लगाया गया, वायु प्रदूषण बढ़ाने वाली भट्टियों को भी बंद कराया जा रहा है। लगभग 21 से अधिक तंदूर को बंद कराया गया है। संचालन करने वालों के विरुद्ध चालान की कार्यवाही करते हुए 6 महीनो में 30,5000 का जुर्माना वसूला गया है। नगर आयुक्त निर्देशानुसार इसी कार्यवाही को निरंतर विभाग बने हुए हैं। नगर आयुक्त द्वारा उद्यान विभाग की गतिविधियों को भी रफ्तार देने के लिए डॉक्टर अनुज उद्यान प्रभारी को निर्देश दिए हैं जिसके क्रम में पांच हाई प्रेशर मशीनों के माध्यम से ग्रीन बेल्ट सेंट्रल वर्ज पर लगे हुए पेड़ पौधों की धुलाई का कार्य भी किया जा रहा है। इसी क्रम में जलकल विभाग द्वारा सड़कों की धुलाई का कार्य भी कराया जा रहा है तथा मुख्य चौराहा पर लगी हुई मूर्तियों को भी साफ करते हुए पानी से धुलाई का कार्य कराया जा रहा है।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं आपको बता रहा हूं अंदर की बात? हैवीवेट जनप्रतिनिधि ने दे दिया है अध्यक्ष पद के लिए किसी चेहरे को आशीर्वाद? मगर वो अपने समर्थन को ओपन नहीं होने देंगे श्रीमान? यहां पर वो मोन्टी फार्मुले पर पूरा तैयार कर रहे हैं प्लान? वो चलेंगे यहां पर भी उपाध्यक्ष वाला ट्रंप कार्ड? अगर स्टोरी को समझना हो तो आप कर रहे हैं इस बारे में सतेन्द्र भाई साहब से बात?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि अगर अध्यक्ष पद लेकर बॉबी भैया करना चाहते हैं अपना मामला झिंगा-लाला? तो फिर उनको समय से खोलना होगा अपनी चाबी से गर्ग साहब के दिल का ताला? पता चले चाबी मौके पर ना मिले और हो जाये दरवाजा बंद? फिर बाद में कहेंगे कि आपने क्यों नहीं बताया और हो गया हम पर सितम? कहने वाले ने कहा गर्ग साहब के दिल और दिमाग में चल रहा है एक वरिष्ठ त्यागी चेहरे का नाम? बस इस नाम से ही चाबी खोने वालो को मिल रही है चुनौती? हमें पता है इस नाम से वो भी नहीं है बिल्कुल भी अंजान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि राजनीति में घटने वाली गतिविधि समय-समय पर देती हैं भविष्य के संकेत? चर्चा यही है कि मतगणना से ठीक पहले गोयल जी के यहां पर मीटिंग करने का आखिर क्या दिया है भगवा कमांडर ने संदेश? रोड-शो में भी गोयल साहब को रथ पर उन्होंने दिया था प्रमुखता से स्थान? कहने वाले ने कहा पिक्चर यहां पर धीरे-धीरे क्लीयर हो रही है? कुछ इस तरह से दावेदारी में मजबूत हो रहा है गोयल साहब का नाम?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं था रोड-शो में मौजूद? यहां पर दिखाई दे रहा था पार्टी के कई वरिष्ठ चेहरों का वजूद? रोड-शो के दौरान हो रही थी कौन बनेगा महानगर अध्यक्ष, इसको लेकर भी बात? तभी यहां पर पार्टी के वरिष्ठ स्वर्ण नेता ने रखे अपने जज्बात? उन्होंने कहा कि इस बार तो अध्यक्ष पद पर आना चाहिए किसी दलित चेहरे का नाम? मेयर हो, सांसद हो, विधायक हो, एमएलसी हो, कार्यकारिणी उपाध्यक्ष हो, महानगर अध्यक्ष हो? आज तक इन दायित्वों पर नहीं मिला है किसी दलित चेहरे को स्थान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि आज सज गया है मैदान? देखना ये है कि कौन उम्मीदवार जीतेगा वोटों का अखाड़ा? हमारे फोकस में फिर से आ गया है जाट ब्रदर्स का वो एरिया, जिसे कहते हैं जटवाड़ा? देखना अब ये है कि चुनाव में क्या इस बार भी ये दोनों ब्रदर अपने बूथ और एरिया में हर बार की तरह दिला पायेंगे उम्मीदवार को जीत? क्या कायम रहेगी जीत की ये पुरानी वाली रीत? हमने देखा है पूरा चुनाव बड़ी नजदीकी से? जितना दिखना चाहिए था उतना दोनों चौधरी ब्रदर्स नहीं दिखे उम्मीदवार के नजदीक? क्या एक जाट ब्रदर को तवज्जों ना देकर चुनाव लड़ाने वालों ने दिया है संदेश ठीक?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम थे योगी जी के रोड-शो में मौजूद? हमें बहुत दिनों बाद नजर आया हिण्डन पार से नोएडा ट्रांसफर हुई पूजा दीदी का वजूद? हमने देखा वो सीमाओं को लांघ कर भगवा कमांडर के लिए योगी जी के रोड-शो में पहुंची थी यार? ये उनका पार्टी के प्रति समर्थन था? या फिर उभरा था उनका बिरादरी वाला प्यार? जो भी हो पूरे रोड़ शो में दिखाई दे रही थी उनके चेहरे पर भगवा बहार? जो भी हो उन्होंने अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर कई दिल जलों को दे दिया संदेश जोरदार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि राजीव भैया अब भविष्य में मिस्टर गौरव और मिस्टर लीलू भैया से शायद ही करेंगे बात? कहने वाले ने कहा रोड-शो में कुछ ऐसा हुआ था जिसके बाद उठने लगी है इस तरह की बात? रोड शो के दौरान उन्होंने दोनों युवा नेताओं की बेमतलब में छेड़ दी थी तार? उन्हें क्या पता था कि फिर उनको आक्रोश का टॉनिक मिल जायेगा यार? उन्हें शायद नहीं थी आने वाले तूफान की जानकारी? जो बाउंसर उन्होंने इन पर मारा था, वो ले गया रिवर्स स्विंग? फिर मामला पड़ गया इन पर ही भारी?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि अगर किसी का एक हाथ हो तो वो भगवागढ़ के इन दो वैश्य नेताओं से बजाना सीख सकता है ताली? आज कल इन्हें भगवा मौहल्ले में पुकारा जा रहा है बाली? सुना है गर्ग साहब के ये दोनों प्रिय चेहरे खर्चा हो या कोई और बात? कर देते हैं उसको आधा? उम्मीदवार को कराते हैं एहसास कि तुम्हारे खर्चे बचा रहे हैं हम, हमारा है आपको लेकर नेक इरादा? कहने वाले ने कहा कि इन दोनों का जिस भी चुनाव में पड़ता है साया? वहां से उम्मीद रखने वालों से दूर चली जाती है माया? थर्रा जाते हैं चुनाव में खर्चा मांगने वालों के दिल? जैसे ही पड़ती है मित्तल्स की चुनाव में छाया?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि आप इस बात को जानकर हो जायेंगे हैरान? जैसे गर्ग साहब खुद को नहीं दे पाये थे विधानसभा चुनाव में वोट? वैसा ही कुछ भगवा कमांडर के साथ भी होगा श्रीमान? आज खुद को नहीं कर पायेंगे चुनाव में भगवा कमांडर सपोर्ट? नहीं डाल पायेंगे वो खुद को अपना वोट? जितने भी वोट मिलेंगे उसमें उनके खुद का वोट रहेगा कम? आखिर आप ही बताओ इससे ज्यादा क्या हो सकता है चुनाव में सितम?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम थे योगी जी के रोड-शो में मौजूद? यहां पर सस्ती वाली मूंगफलियों के साथ मजबूती से नजर आ रहा था बजरंगी भैया का वजूद? हमने देखा वो रोड-शो में प्रकट कर रहे थे अपने जज्बात? कह रहे थे मैंने कमांडर के चुनाव में पूरी मेहनत की है? बड़े ही पॉजीटिव हैं उनको लेकर मेरे दिल के जज्बात? जब भी पड़ा है मुझे उनसे काम, उन्होंने रखा है मेरा ध्यान? मैं नहीं भूलता हूं किसी के उपकार? मैं बजरंगी का भक्त हूं, नहीं रखता किसी पर कुछ भी उधर? मुझे क्या पता था ये जो मैंने मूंगफली खरीदी है, वो निकलेगी इतनी बेकार?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

## मतदान की पूर्व संध्या पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने की बैठक



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मतदान की पूर्व संध्या पर विजय नगर में प्रताप विहार ए ब्लॉक में भाजपा कार्यकर्ताओं ने बैठक कर अधिक से अधिक मतदान करवाने के लिए सेक्टर और बूथ स्तर पर तैयारी की। भाजपा पार्षद दल के सचेतक अमित त्यागी, पार्षद संतोष सिंह राणा, पूर्व पार्षद देवी सिंह नागर, वार्ड अध्यक्ष रतन सिंह पटेल, वार्ड सचिव महेंद्र कपूर, सेक्टर संयोजक विष्णु चौहान, नरेश भटनागर, अनूप सोलंकी, बूथ अध्यक्ष राज नारायण, राजेंद्र शर्मा, आलोक शर्मा, किशन वर्मा, प्रेम बलूदी आदि प्रमुख रूप से इस बैठक में मौजूद रहे।

### बड़े भाई को 15 बार चाकू मार की हत्या



**नोएडा।** सेक्टर-168 में अजीत की चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्या अजीत के चाचा के बेटे ने की थी। पुलिस ने घर में लगे कैमरे और मोबाइल डाटा से हत्या का खुलासा किया। हत्या की वजह चाचा के लड़के का अजीत की पत्नी यानी भाभी के साथ अवैध संबंध रही। दोनों के बीच करीब डेढ़ साल से अवैध संबंध थे। इसकी जानकारी अजीत को वीडियो कॉल के जरिए लगी। ये वीडियो कॉल अजीत की पत्नी ने आरोपी को की थी। आरोपी की उम्र महज 15 साल 3 महीने है। लेकिन उसकी कद काठी काफी मजबूत है।५ वीडियो कॉल के समय अजीत अपने चचेरे भाई के साथ था। दोनों की बहस होने लगी। इस बीच आरोपी ने अजीत को धक्का दिया। जिससे उसका सिर वहां लगे लोहे की राड से टकरा गया। इसके बाद आरोपी ने अजीत के पेट में 15 से ज्यादा वार किया। जिससे अजीत की मौके पर मौत हो गई। हत्या कर से 100 मीटर की दूर घेर में की गई जहां दोनों भाई शाम को जाते थे। हत्या के समय वॉट्सऐप पर करता रहा चैट डीसीपी ने बताया कि अजीत शराब पीने का आदी था। रविवार रात को जब वो घेर पर आया तो शराब के नशे में था।

## अब सबने यही ठाना है, अपने वार्ड को स्वच्छ बनाना है

### वार्ड 79 में सीवर की समस्या को लेकर महापौर सुनीता दयाल से मिले पार्षद हरीश कडाकोटी



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम वार्ड 79 के न्याय खंड-1 व अभय खंड में हो रही सीवर की समस्या को लेकर क्षेत्रीय पार्षद हरीश कडाकोटी स्थानीय लोगों के साथ महापौर सुनीता दयाल के आवास पर मिले। उन्होंने बताया कि गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को कई बार शिकायतें की गई हैं, वहां से कर्मचारी आते हैं लेकिन समस्या वहीं की वहीं है। काम नहीं हो पा रहा है सीवर जाम पड़े हैं। इसी को देखते हुए स्थानीय लोग पार्षद हरीश कडाकोटी के साथ महापौर सुनीता दयाल से मिले और शिकायती पत्र दिया। उन्होंने कहा कि घरों में सीवर का पानी भरा हुआ है, शादी का सीजन चल रहा है आये दिन बारात आ रही हैं।

जीडीए व निगम के अधिकारियों को फोन किया लेकिन कोई सुनने को तैयार नही है। सीवर की समस्या से स्थानीय लोग बहुत परेशान हैं क्योंकि न्याय खंड एक की कई गलियों में सीवर का गंदा पानी बह रहा है। पार्षद द्वारा लगातार अधिकारियों को इस बारे में अनुरोध किया गया। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष को कई बार अवगत कराया गया लेकिन समस्या का निराकरण नहीं हुई।

## पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती पर जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर कार्यक्रम आयोजित



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** मंगलवार को पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती कार्यक्रम जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम को संयुक्त रूप से जिला एवं महानगर कांग्रेस अध्यक्षों के द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महानगर अध्यक्ष विजय चौधरी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की तस्वीर पर फूल-माला अर्पित कर पुष्प अर्पित किए गए। इस मौके पर जिला अध्यक्ष विनीत त्यागी, महानगर जिला अध्यक्ष विजय चौधरी, महानगर अध्यक्ष पूर्व मंत्री सतीश शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, अमोल वशिष्ठ, राजकुमार, सुभाष शर्मा, अमन शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, राजेंद्र शर्मा, बाबूराम शर्मा, ज्ञानेंद्र त्यागी, आशुतोष गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी राजाराम भारती, राजवीर शर्मा, ऋषिपाल धींगान, तरुण रावत, प्रेम प्रकाश सिंह, एस गोयल मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## इंदिरापुरम साप्ताहिक मंगल बाजार के कारण जाम से जनता परेशान





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम में मंगलवार को लगने वाला साप्ताहिक बाजार सड़क के दोनों साइड रोड पर लगती है। इस कारण क्षेत्र के लाखों लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस कारण चंद मिनटों का समय घंटों में तब्दील हो जाता है। इस बारे में कई बार लोगों ने सड़क के एक साईड रोड से साप्ताहिक बाजार के हटवाने की मांग की, परन्तु प्रशासन हर बार इस समस्या से आंख मूंद लेता है। इंदिरापुरम में मंगलवार को साप्ताहिक बाजार लगता है। क्षेत्र में लगने वाला यह साप्ताहिक बाजार कागजों में सिर्फ एक साइड के लिए निर्धारित है। लेकिन जीडीए व ठेकेदार से साठगाठ के बाद यह बाजार दोंनो साइड रोड के साथ ही रोड पर लगता है। इस कारण मात्र 500 मीटर का यह रास्ता पार करने में घंटों का समय लग जाता है। सड़क के दोनों साइड शक्तिखण्ड, नीतिखण्ड दोनों तरफ से दुकान लगाने के कारण यहां से वाहन तो दूर आदमी का पैदल निकलना भी दुश्वार हो जाता है। ऐसे में यदि कोई घटना हो जाए तो किसी भी वाहन का वहां तक आसानी से पहुंचना संभव नहीं है। इस गंभीर समस्या को लेकर इंदिरापुरम के लोगों ने कई बार साप्ताहिक बाजार को किसी अन्य स्थान पर स्थांतरित करने तथा निर्धारित स्थान से अलग लगने वाले बाजार को हटाने की मांग की थी। बावजूद इसके प्रशासन की लापरवाही अथवा मिलीभगत के कारण इस साप्ताहिक बाजार को नहीं हटाया गया। यही वजह है कि हजारों लोग जाम से जूझने को मजबूर हो जाते हैं। ऐसे में लोगों का समय तथा धन दोनों बर्बाद होते हैं। क्षेत्रीय पार्षद धीरज अग्रवाल ने कहा कि साप्ताहिक मंगल बाजार को लेकर कई बार पुलिस प्रशासन को शिकायत की है, लेकिन सड़क के दोनों और साप्ताहिक बाजार लगने के कारण हजारों लोग परेशान होते हैं। जिस कारण आसपास में अस्पताल भी है लोगों को वहां तक पहुंचने में भी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

## एडीजी ने ली हापुड़ पुलिस की क्लास

### बोले- सर्दी बढ़ गई है, गश्त बढ़ाई जाए, लापरवाही बर्दाश्त नहीं



**हापुड़।** मेरठ जोन के एडीजी के ठाकुर ने हापुड़ पुलिस की कार्य की समीक्षा करते हुए गुणवत्ता पूर्ण शिकायतों के निस्तारण का पाठ पढ़ाया। उन्होंने पुलिस को जनसेवा का संकल्प दिलाते हुए भय मुक्त माहौल बनाए रखने के निर्देश दिए। जिससे आमजन सुरक्षित महसूस कर सके। उन्होंने कहा कि किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

#### अपराधियों के खिलाफ की जाए सख्त कार्रवाई

पुलिस लाइन सभागार में एडीजी के ठाकुर ने जनपद के पुलिस अधिकारियों और थाना प्रभारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि अपराध पर अंकुश लगाते हुए अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। लंबित मुकदमों में फरार चल रहे आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए। गुंडा और गैंगस्टरों के खिलाफ कार्रवाई और जिला बदर अपराधियों की समय-समय पर जांच की जाए।

#### सर्दी में पुलिस गश्त का हो नियमित पालन

एडीजी ने कहा कि लंबित विवेचानाओं का गुणवत्ता के साथ निस्तारण किया जाए। न्यायालयों में चल रही मुकदमों की मजबूती के साथ पैरोकारी की जाए। ताकि अपराधियों को अधिक से अधिक सजा मिल सके। हाल में ही गढ़मुक्तेश्वर में हुए कार्तिक पूर्णिमा मेला को लेकर भी समीक्षा की गई। मेले में जो कमियां रह गई थी उन पर विस्तार से चर्चा की जाए। कहा कि सर्दी का मौसम शुरू हो गया है। कोहरा भी पड़ रहा। इससे ध्यान में रखते हुए पुलिस गश्त बढ़ाई जाए। बाहरी क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की जाए। इस अवसर पर एसपी कुंवर ज्ञानजय सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक विनीत भटनागर, सीओ जितेंद्र शर्मा और सीओ वरुण मिश्रा आदि मौजूद रहे।




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** अजय शर्मा और पत्नी रमा के विवाह के 36 साल पूरे होने पर बधाई। अजय शर्मा ने एक पोस्ट में सालगिरह के अवसर पर लिखा कि तुम मेरी जिंदगी में 36 साल पहले आईं। मेरी जिंदगी में तुम्हारी मौजूदगी एक खूबसूरत अहसास की तरह है। मैं जीवन के लिए इससे बेहतर साथी की उम्मीद नहीं कर सकता था। जीवन के हर पड़ाव में बहुत उतार-चढ़ाव आए। खट्टे-मीठे अनुभव भी आए और खुशी हो या कठिनाई तुमने मेरा हमेशा साथ निभाया। पहले पत्नी का धर्म, फिर मां का धर्म, फिर दादी का धर्म, तुमने बखूबी निभाया है। किसी ने सही कहा है जिंदगी में सबसे अच्छा दोस्त आपका अपना जीवन साथी है, जो आपके हर दुख-सुख में आपका साथ निभाता है। शादी के 36 साल पूर्ण होने पर दिल की गहराइयों के साथ आपको शुभकामनाएं देता हूं और आपको पत्नी के रूप में पाकर अपने को धन्य मानता हूं। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।